कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 332, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 28 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया, तत्काल चुनाव कराने का आदेश**

## यूपी निकाय चुनावः ओबीसी आरक्षण रद्द

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को रद्द करते हुए तत्काल चुनाव कराने का आदेश दिया है। कोर्ट के फैसले के साथ ही प्रदेश में निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने यह फैसला ओबीसी आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनाया। हाई कोर्ट ने 87 पेज के अपने फैसले में कहा है कि बिना ट्रिपल सर्वे के भी चुनाव हो सकता है। कोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के जल्द से जल्द चुनाव सम्पन्न कराने के आदेश दिए हैं। कोर्ट का फैसला आने के साथ ही चुनाव की तैयारियां तेज हो गयी हैं। जनवरी में चुनाव का अनुमान है। जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है।

**ओबीसी आरक्षण के बाद ही होंगे निकाय चुनावः योगीः** उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आए फैसले के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित करेगी। ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण की सुविधा दी जाएगी। इसके उपरान्त ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी। उल्लेखनीय है कि लखऊ हाईकोर्ट ने सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। पिछड़ों को बिना आरक्षण दिए ही चुनाव सम्पन्न कराने को कहा है।



### भाजपा सरकार की इस गलती की सजा ओबीसी समाज जरूर देगा : मायावती



**लखनऊः** नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्ड पीठ ने अपना निर्णय सुनाया है। न्यायालय ने ओबीसी आरक्षण के बिना ही निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है। ऐसे में ओबीसी के लिए आरक्षित सीट अब जनरल मानी जाएगी। इसको लेकर सियासत गरमा गई है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने ट्वीट किया है। अधिकारिक ट्वीटर हैंडल से ट्वीट आया है कि यूपी में बहुप्रतीक्षित निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार के तहत मिलने वाले आरक्षण को लेकर सरकार की कारगुजारी का संज्ञान लेने संबंधी हाईकोर्ट का फैसला सही मायने में भाजपा व उनकी सरकार की ओबीसी एवं आरक्षण-विरोधी सोच व मानसिकता को प्रकट करता है।

### भाजपा सरकार पिछड़ा विरोधी : सपा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा विरोधी है। यह निशाना मंगलवार को उप्र में नगर निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला आने पर समाजवादी पार्टी ने किया है। सपा के मीडिया सेल ने ट्वीट कर लिखा, "पिछड़ा विरोधी भाजपा का असली चेहरा आज सामने आ गया है। भाजपा यादव विरोधी तो थी ही, भाजपा ने कुर्मी, कोइरी, लुहार, भुर्जी, कश्यप, निषाद, मल्लाह, गोंड, धुरिया, नाई, तेली, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा समेत सभी अन्य पिछड़ा वर्ग सबको धोखा दिया है। समस्त पिछड़ा वर्ग भाजपा की नीयत जान ले।" सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक ट्वीटर अकांउट से पोस्ट कर कहा कि "आज आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है। आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है, कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गये दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी। अखिलेश ने आरक्षण को बचाने की लड़ाई में पिछड़ों व दलितों से सपा का साथ देने की अपील है।" शिवपाल यादव ने ट्वीट कर कहा कि "उप्र निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण की समाप्ति का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। सामाजिक न्याय की लड़ाई को इतनी आसानी से कमजोर होने नहीं दिया जा सकता है। आरक्षण पाने के लिए जितना बड़ा आंदोलन करना पड़ा था, उससे बड़ा आंदोलन इसे बचाने के लिए करना पड़ेगा। कार्यकर्ता तैयार रहें।" रामगोपाल यादव ने ट्वीट कर कहा कि "निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण।

## मौर्य डिप्टी सीएम नहीं, असिस्टेंट सीएम कहिएः अखिलेश

**झांसी।** झांसी दौरे के दूसरे दिन भी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निशाने पर योगी सरकार ही रही। डिप्टी सीएम केशव मौर्य पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें डिप्टी सीएम नहीं, बल्कि असिस्टेंट सीएम कहिए। वह नौकरी कर रहे हैं। वह अपनी मर्जी से कुछ नहीं कह सकते, नौकरी करनी है तो मुखिया की भाषा बोलनी पड़ेगी, तो मुख्यमंत्री के लिए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्वीकार करना होगा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार है, तभी कानून व्यवस्था में सुधार होगा। वह दूसरे दिन प्रोटोकॉल तोड़ अचानक सपा नेत्री दीपाली रायकवार के घर प्रेमनगर पहुंचे थे और पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।



### केसीआर को हाईकोर्ट से लगा झटका


**हैदराबादः** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति को झटका लगा है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया। अदालत ने मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल को भी भंग कर दिया है। दरअसल, तेलंगाना सरकार की ओर से दावा किया गया था कि बीआरएस के कई विधायकों को पार्टी छोड़ने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया था। हाईकोर्ट के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए।

## कोविड की तैयारियों की समीक्षा के लिए देशभर में हुई मॉक ड्रिल



**नई दिल्लीः** कोविड संबंधित तैयारियों की जांच के लिए मंगलवार को देशभर के अस्पतालों में मॉकड्रिल आयोजित की गई। इसका मकसद कोविड तैयारियों को जांचना और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहना है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया तैयारियों का जायजा लेने के लिए सफदरजंग अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान मंडाविया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि केन्द्र सरकार कोविड से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए देशभर के कई अस्पतालों में आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।उन्होंने स्वयं यहां सफदरजंग अस्पताल में कोविड-19 पर आयोजित मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की कोविड को लेकर पूरी व्यवस्थित है। ऐसी ही व्यवस्था दूसरे अस्पतालों में भी होनी चाहिए। अगर देश में कोरोना के मामले बढ़े तो हमारे अस्पतालों को पूरी तरह तैयार होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि चीन में कोरोना का कहर लगातार जारी है। ऐसे में कोविड का प्रसार भारत में न होने पाए इसको लेकर केन्द्र सरकार अलर्ट मोड में है। केन्द्र ने राज्यों को भी मुस्तैद रहने की सलाह दी है। बीते 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 157 नये मामले सामने आए हैं। इसी क्रम में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मॉक ड्रिल के दौरान लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल पहुंचे।

## 325 रुपए में लगेगी कोरोना की नेजल वैक्सीन



**नई दिल्लीः** भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (बीबीआईएल) के इंट्रानेजल वैक्सीन, इनकोवैक (आईएनसीओवीएसीसी) की कीमत निजी अस्पतालों के लिए 800 रुपये और सरकारी आपूर्ति के लिए 325 रुपये रखी गई है। इसमें जीएसटी अलग से जोड़ा जाएगा। मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में भारत बायोटेक ने कहा कि वैक्सीन को जनवरी के चौथे सप्ताह से ले सकेंगे। यह कोविन पोर्टल पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि इनकोवैक पहली इंट्रानेजल कोविड वैक्सीन है। इसे प्राथमिक दो चरणों और अन्य वैक्सीन के साथ एहतियातन तीसरे डोज के रूप में उपयोग को मंजूरी मिली है। हाल ही में इसे केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएसओ) की मंजूरी मिली थी।

**वाड्रा को राजस्थान सरकार ने दी 125 बीघा जमीन**

## गांधी परिवार सबसे भ्रष्ट परिवारः भाजपा

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को गांधी परिवार पर आरोप लगाया है कि राज्यों में कांग्रेस की सरकारों के दौरान रॉबर्ट वाड्रा को किसानों की जमीन आवंटित की गई है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान हाई कोर्ट ने रॉबर्ट वाड्रा की जमीन से जुड़े मामले को खारिज करने की उनकी याचिका ठुकरा दी है। हालांकि उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण जारी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि राजस्थान में 2008-13 के दौरान 125 बीघा जमीन किसानों से लेकर रॉबर्ट वाड्रा को सौंपी गई। भाटिया ने गांधी परिवार के लिए ह्यकट्टर पापी परिवारह्न शब्द का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि परिवार का काम किसानों की जमीन हथियाना और उसे दामाद रॉबर्ट वाड्रा को सौंप देना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 125 बीघा जमीन किसानों से लेकर दो लोगों हरीराम और नाथाराम को आवंटित की गई। दोनों ही नाम फर्जी थे। इनसे यह जमीन आगे स्काईलाइन हॉस्पिटैलिटी को बेची गई, जिसमें रॉबर्ट वाड्रा और उसकी मां पार्टनर है।



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हरियाणा और राजस्थान में सरकार में रहते कांग्रेस ने किसानों की जमीन हड़पी और उसे रॉबर्ट वाड्रा को दी। भाजपा सरकार में इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस और ईडी की जांच में पता चला कि अशोक गहलोत ने कांग्रेस परिवार के आदेश पर ऐसा किया।

## जनहित में पत्रावलियों को सकारात्मक दिशा में लें : धामी



**देहरादूनः मुख्यमंत्री** ने सचिवालय स्तर पर सुशासन पुरस्कार देने की घोषणा करते कहा कि पत्रावलियों को सकारात्मक दिशा में लें। आमजन के हित में कार्यों को बेहतर संचालन के लिए विभाग तालमेल बनाएं और समीक्षा बैठकों का कैलेंडर तैयार करें। सचिवालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुराज, सुशासन, सरलीकरण व समाधान के संबंध में अनु सचिव से अपर सचिव तक के अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सचिवालय स्तर पर भी सुशासन पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए कहा कि जब भी भारत सरकार के स्तर से कोई पत्र आता है। उस पत्र की आत्मा क्या है, सचिव स्तर से इसका नोट लिख कर पत्रावली अनुभाग को भेजी जाए। इससे जनहित में लेने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों की नोटिंग सही तरीके से आयेगी। उन्होंने कहा कि अनुभागों से उच्च स्तर पर जो पत्रावलियां आती हैं, उन पर अधिकारी अपना मन्तव्य अवश्य लिखें। पत्रावलियों को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए अपना नोट अवश्य जोड़ें।

## 'राहुल गांधी जैसे लोग सेना पर सवाल उठाते हैं'

**भोपालः भोपाल** आए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए। पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व में हमारी सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट स्ट्राइक की और डोकलाम में करारा जवाब दिया। राहुल गांधी जैसे लोग सेना पर सवाल उठाते हैं और उसका अपमान करते हैं। केंद्रीय मंत्री भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने खेलो इंडिया के आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। बता दें कि खेलो इंडिया 30 जनवरी से मध्यप्रदेश में आयोजित किया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी 1962 के जमाने में जी रहे हैं। वे भारतीय सेना को बार-बार नीचा दिखाने का काम न करें। क्या कांग्रेस ने ठान लिया है कि भारत की सेना का मनोबल गिराना है? क्या राहुल गांधी को भारत की सेना पर विश्वास नहीं है? बार-बार आपको चीन क्यों भारी लगता है?



**कांग्रेस सरकार में 10 साल तक सेना को कुछ नहीं मिलाः** केंद्रीय मंत्री का कहना है कि कांग्रेस के समय 10 साल तक सेना के जवानों को ना स्नो बूट मिले, ना स्नो सूट, ना बुलेट प्रूफ जैकेट, ना लड़ाकू विमान मिले। मोदी सरकार आने के बाद मेक इन इंडिया डिफेंस सेक्टर में हुआ। राफेल विमान भी मिले और लड़ाकू विमानों के साथ बुलेट प्रूफ जैकेट, स्नो बूट्स, स्नो सूट से लेकर सेना को मजबूत करने का काम किया। दुनिया में भारत का मान-सम्मान और ताकत बढ़ी है। देश में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो आज भी देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

**कांग्रेस धरातल में जा चुकीः** राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के बीच में ब्रेक लेकर बाहर जाने को लेकर अनुराग ठाकुर बोले कि उन्हें रिपेयरिंग की जरूरत है। वह रिपेयर होने गए हैं। रिपेयर होकर आएंगे और उनसे कोई उम्मीद भी नहीं की जा सकती है। कांग्रेस धरातल में जा चुकी है। अनुराग ठाकुर बोले, कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है।

## सुशांत सिंह हत्या की हो सीबीआई जांचः बहन

**मुंबईः हाल** ही में मुंबई के कूपर अस्पताल के कर्मचारी रूप कुमार ने दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। इसके बाद एक बार फिर से सोशल मीडिया पर सुशांत सिंह राजपूत के लिए इंसाफ की मांग उठने लगी है। इसी बीच इस मामले में दिवंगत एक्टर की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने भी प्रतिक्रिया देकर सीबीआई जांच की मांग की है। दरअसल, कूपर अस्पताल के एक कर्मचारी का दावा किया है कि सुशांत सिंह ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि उनकी हत्या की गई थी। कर्मचारी का कहना है कि अभिनेता के शरीर पर "फ्रैक्चर के निशान" थे।

**हिमालय के पेट से चीन के गले तक पहुंचेगी ट्रेन**

## बॉर्डर पर सबसे बड़ा रेल प्रोजेक्ट, इससे चीन डरा

**जोशीमठ**

**कर्णप्रयाग तक** 2024 में ट्रेन आने वाली है। हमारे लिए यह जगह और साल सामान्य बात हो सकती है, लेकिन चीन से पूछिए, जिसकी नींद में कर्णप्रयाग एक बुरे सपने की तरह आता है। कारण, जब हिमालय के पेट से होती हुई ट्रेन ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक आएगी तब भारत चीन के गले तक पहुंच जाएगा। दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ तक का भी है। इसकी डीपीआर बन गई है। तब हमारी ट्रेन चीन के सिर तक पहुंच जाएगी। उत्तराखंड सीमा पर सैन्य के साथ-साथ चीन को तकनीकी चुनौती भी कैसे मिल रही है, इसे ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट की पूरी तस्वीर बताती है। ये 75 साल में चीनी बॉर्डर पर बन रहा सबसे बड़ा और महंगा प्रोजेक्ट है। लागत करीब 24 हजार करोड़ रुपए है। सबसे महत्वपूर्ण है इसका रास्ता, जो 90% हिमालय के पेट (अंडरग्राउंड) से होकर निकल रहा है। 125 किमी लंबे ट्रैक में 105 किमी ट्रेन टनल से होकर जाएगी। जो हिस्सा खुला हुआ है वो स्टेशन का है। यहां कुल 16 टनल्स और 12 स्टेशन हैं। प्रोजेक्ट का महत्व समझिए कि ऋषिकेश से चीन बॉर्डर (बाराहोती) पहुंचने में जहां पहले 16-18 घंटे लगते थे, अब महज 5-6 घंटे लगेंगे।



**देश की सबसे लंबी रेल टनल भी इस प्रोजेक्ट का हिस्साः** देवप्रयाग से जनासू तक देश की सबसे लंबी (14.8 किमी) रेल टनल भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। प्रोजेक्ट का वीकली रिव्यू कर रहा है।

## रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

**नई दिल्लीः रेल** मंत्रालय ने अमृत भारत स्टेशन योजना नाम से स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की है। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। यह दीर्घकालिक मास्टर प्लानिंग पर आधारित है। इसमें स्टेशन की जरूरतों और संरक्षण के अनुसार मास्टर प्लान के तहत कार्य होगा। रेल मंत्रालय के अनुसार इसमें विभिन्न ग्रेड व प्रकार के प्रतीक्षालय को एक करने का प्रयास किया जाएगा और जहां तक संभव हो अच्छा कैफेटेरिया व खुदरा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

सभी श्रेणियों के स्टेशनों पर उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म (760-840 मिलियन मीटर) उपलब्ध कराए जाएंगे। सड़कों को चौड़ा करके, अवांछित संरचनाओं को हटाकर, उचित रूप से डिजाइन किए गए साइनेज, समर्पित पैदल मार्ग, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र, बेहतर प्रकाश व्यवस्था आदि द्वारा सुचारू पहुँच सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन के दृष्टिकोण में सुधार किया जाएगा। स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार होंगी। प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के पैमाने को व्यापक मार्गदर्शक सिद्धांतों के आधार पर अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा स्टेशन पर लोगों की भीड़, उपयोगकर्ताओं, विभिन्न विभागों और स्थानीय अधिकारियों सहित हितधारक परामर्श और डीआरएम की मंजूरी का भी ध्यान रखा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## 15 बंदियों का हुआ मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**नैनी।** लायन्स क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को नैनी सेंट्रल जेल के 15 बंदियों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन मनोहरदास अस्पताल में किया गया। ऑपरेशन के बाद सभी को दवा और जरूरी सलाह देकर छुट्टी दे दी गई। लायन्स क्लब के डॉक्टर संगमलाल विश्वकर्मा ने बताया की क्लब की ओर से समय समय पर बंदियों का नेत्र परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर अर्पणधर दूबे और जेल के वरिष्ठ अधीक्षक शशिकांत सिंह मौजूद थे। मामले में वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि 20 बंदियों को मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय प्रयागराज में इलाज हेतु भेजा गया था ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। एक बंदी का ब्लड प्रेशर हाई होने की वजह से उसका ऑपरेशन नहीं हो पाया जबकि 4 बंदियों को ऑपरेशन की जरूरत नहीं थी उन्हें दवा देकर वापस कर दिया गया।

# सेहुंडा गाँव के पास ट्रक ने छात्रा को कुचला, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के सेहुंडा गाँव में नहर के पास एक छात्रा रीशु यादव उर्फ बड़की (12वर्ष) पुत्री संग्राम सिंह यादव निवासी (गोंदिया का पूरा) सेहुंडा, बारा, प्रयागराज कक्षा छह की छात्रा थी। लोहगरा स्कूल से छुट्टी होने के बाद ऑटो रिक्शा से घर के लिए आ रही थी।जैसे ही वह सेहुंडा नहर के पास उतरी और टेम्पो चालक को किराया देकर आगे बढ़ी थी कि पीछे से आ रही बारह चक्का ट्रक तेज रफ्तार होने की वजह से अनियंत्रित हो गई और उसे कुचल दिया,जिससे घटनास्थल पर ही छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल उसके परिजनों एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बारा को सूचित किया। मौके पर पहुंची बारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया।सूचना पर मृत छात्रा रीशु उर्फ बड़की के परिजन भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए।छात्रा की दर्दनाक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। बारा पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है।

## दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत, एक की रास्ते में मौत दो घायल गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** कोरांव थाना अंतर्गत मंगलवार को लगभग 4 बजे के करीब लेडियारी तिराहा कोरांव से देवघाट वाली रोड पर दो बाईक सवारों में आमने सामने से जोरदार भिडंत हो गई। जिसमें सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव लेकर पहुंची जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। रास्ते में विजय कुमार सिंह पुत्र रामरूप सिंह निवासी संसारपुर चरखी थाना कोरांव उम्र 40 वर्ष की मौत हों गई। जिसका शव पंच नामा करने के बाद पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। वही अभी निरंजन आदिवासी उर्फ छोटू पुत्र राजपति निवासी ग्राम माड़ो उम्र 25 वर्ष, रमेश आदिवासी पुत्र भोलानाथ आदिवासी ग्राम खीरी थाना कौंधियारा की हालत अब भी गंभीर बताई जा रहीं हैं।

**लेडियारी तिराहा कोरांव से देवघाट वाली रोड पर दो बाईक सवारों में आमने सामने से जोरदार भिडंत**

## पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर अधेड घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाइक से आ रहा अधेड़ जैसे वह मरखामऊ मोड पर पहुंचा पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार कर भाग गया। अधेड़ को उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। घायल की पत्नी ने अज्ञात पिकअप चालाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मालूम हो कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम आदमपुर निवासी फूलचंद्र 45 वर्ष अपनी बाइक से मऊआइमा आ रहा था। बताते हैं कि जैसे वह मरखामऊ मोड पर पहुंचा एक पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे फूलचंद्र बुरी तरह घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पत्नी सुमित्रा देवी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## संदिग्ध दशा में किशोरी फांसी के फंदे से झूल कर की आत्महत्या मचा कोहराम

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक किशोरी घर के अन्दर संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर झूल कर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासी विशसा कुमार की 17.वर्षीय पुत्री पारूल सोमवार की रात में भोजन आदि करके सो गयी। मंगलवार को सुबह परिजन उठे तो पारूल को फांसी के फंदे पर झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया और रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। किशोरी किन कारणों से फांसी लगाई यह परिजन नहीं बता पा रहे हैं। वैसे गांव में तरह तरह की चर्चा व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही बता पाए गें। वैसे परिजनों का किसी पर कोई आरोप नहीं है।

**न्यूज झरोखा...**

## साथियों के साथ दिल्ली गए नाबालिग युवक का नहीं लग रहा सुराग

**परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया है मामला**



**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के बैदवार गांव से साथियों के साथ दिल्ली गए एक नाबालिग युवक का कोई सुराग नहीं लग रहा है। परिजनों ने युवक की काफी खोजबीन की किंतु उसका कहीं कुछ अता-पता नहीं चल रहा है। दिल्ली गए युवक अक्षय की मां कुसुम देवी पत्नी अवधेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि मेरे गांव के ही लवकुश पुत्र विंध्याचली तथा राजेश पुत्र अज्ञात व विजय गुप्ता पुत्र बुल्ले निवासी करपिया थाना कोरांव बीते अक्टूबर माह में बहला-फुसलाकर अपने साथ दिल्ली मजदूरी कराने हेतु बुला ले गए थे। जो लोग बुलाकर ले गए थे वे लोग वापस घर लौट आए हैं, किंतु मेरा बेटा अभी तक वापस नहीं आया है। कोरांव पुलिस ने नाबालिग युवक अक्षय की मां कुसुम देवी की तहरीर पर नामजद उपरोक्त तीनों लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया है और नाबालिग युवक की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि नाबालिग युवक का सुराग न लगने से परिवारी जन जहां परेशान हैं, वहीं क्षेत्र व अन्य स्थानों पर खोजबीन कर रहे हैं किंतु उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है।

## प्रतापपुर में किसान समस्याओं को लेकर किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन



**प्रतापपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद 13 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन एडीओ पंचायत अतर सिंह यादव को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत ग्राम प्रधानों द्वारा 13 सूत्रीय पदों को बिना खुली बैठक के अपने चहेतों की नियुक्ति कर दिया गया। बेसहारा पशुओं पर रोक, विद्युत के बढें बिल की अवैध वसूली, ग्राम पंचायतों में आवास की पीआरटी सूची का बैठक कर खुलासा, ब्लाक कर्मचारियों द्वारा जनता से दुर्व्यवहार, ग्राम पंचायत सचिवों पंचायत भवन मृत्यु के एवं परिवार रजिस्टर बनाया जाए, धान क्रय केंद्र पर पात्र किसानों की तौल नहीं, साथर गांव में पात्र आवास की जांच, मोहदीनपुर में रिबोर न होना, ग्राम पंचायत में खुली बैठक हो, प्रत्येक पेंशन का चयन, सामुदायिक शौचालय में रखी महिलाओं एवं ग्राम पंचायतों में दिये जा रहे वेतन का पंचायत भवन पर चस्पा किया जाए। मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव ने कहा 13 सूत्रीय मांगों का निस्तारण न किया गया तो 9 जनवरी को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष फूलचंद उपाध्याय, मंडल महासचिव संजय शुक्ला, शिवकुमार पांडेय सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।


## शहरी विकास मंत्रालय ने व्यापार मंडल नैनी को किया सम्मानित



**नैनी।** भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के लिए व्यापार मंडल नैनी को सम्मानित किया गया व्यापार मंडल नैनी की तरफ से अध्यक्ष राकेश जयसवाल व कोषाध्यक्ष राम बाबू केसरवानी ने को सम्मान पत्र सौंपा गया। नगर निगम जोन 05 के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य विभाग के डॉ. शांति स्वरुप गुप्ता ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश जयसवाल के आवास पर जाकर यह सम्मान उन्हें प्रदान किया।

# दहेज के लिए विवाहिता को ससुराल वालों ने पीटकर घर से भगाया

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र की करौहा गांव में एक विवाहिता को ससुराल जनों ने दहेज के लिए मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने स्थानीय थाने पर पहुंचकर अपने पति समेत ससुराल जनों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। फूलपुर थाना अंतर्गत साकोस वीर गांव निवासी रामचंद्र सरोज जो अपनी पुत्री नीतू सरोज का विवाह 28 दिसंबर 2020 को अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देते हुए करौहा उतरांव निवासी सोभनाथ के पुत्र मोनू सरोज के साथ किया था। शादी के 2 माह बाद ही ससुराल जनों द्वारा विवाहिता को प्रताड़ना शुरू कर दिए। विवाहिता अपने घर पर ना बता कर बात को अपने तक ही रख रही थी। हद तो तब हो गई जब ससुराल जनों द्वारा विवाहिता को मारपीट कर से भगा दिया।हाड़ कपा देने वाली ठंड में विवाहिता स्थानीय थाने पर पहुचकर अपने ससुरालजनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।विवाहिता के एक वर्ष का मासूम बच्चा भी है।ससुराल जनों द्वारा विवाहिता को घर मे भी घुसने नही दिया जा रहा है।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो वांछित दुराचारी गिरफ्तार भेजे गए जेल, अपहरण किशोरी बरामद

**मऊआइमा।** एक युवती और एक किशोरी का अलग अलग गांवों में अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने वाले दो अलग अलग दुराचारी को मऊआइमा पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासनीय एक चौदह वर्षीय किशोरी का एक दिन पहले एक युवक अपहरण कर ले गया और उसके साथ दुराचार किया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर डाक्टरी चेकअप के लिए भेज कर आरोपी मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद इदरीश उर्फ छुटका दहियावां बाजार थाना होलागढ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि ग्राम बुआपुर निवासनीय एक युवती की शादी थरवई के एक युवक से तय होने के बाद वह युवती से बलात्कार करता रहा। बाद में जी भर जाने पर शादी से इंकार कर दिया था। युवती ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मऊआइमा पुलिस ने ग्राम लहुतारा थाना थरवई निवासी दुराचारी सुमित कुमार पुत्र राज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पद यात्रा का झूंसी में हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक यादव के नेतृत्व में पिछले 94 दिन से चल रही देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा का मंगलवार को झूंसी के विभिन्न स्थानों पर सपा कार्यक्रताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

गाजीपुर से शुरू हुई इस यात्रा को अखिलेश यादव ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। मंगलवार को अनवर मार्केट के सामने स्वागत किया गया दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सपा नेता अभिषेक यादव ने सरकार आड़े हाथ लेते हुए बेरोजगारी के मुद्दे बोलते हुए कहा कि इतनी बेरोजगर 45 वर्षो में कभी नही थी भर्तियां रोक दी गई है, ऊपर से लाई गई अग्निवीर योजना से नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया जायेगा। सरकार जाति और धर्म के आधार पर कार्रवाई कर रही है। झूंसी में सपा नेता गणेश यादव की मार्केट को जाति के नाम पर कार्यवाही कर गिराया गया। इस लिए की वह यादव जाति से आते है। अभिषेक यादव झूंसी के ही निवासी हैं। उनका झूंसी से भावनात्मक लगाव भी है। इसका ज़िक्र उन्होंने ने किया। स्वागत करने वालों में सपा नेता रिजवान अहमद, बेला सिंह यादव, अयाज अंसारी, गुलफिरोज खान, मो. अनस समेत दर्जनों लोग शामिल हुए।

# अगला युद्ध जल युद्ध होगा : डॉ. रीता जोशी

## केंद्र और प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास और जन कल्याण के लिए समर्पित : राजमणि कोल

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव।** कोरांव के धौखर में विधायक कोरांव के इंटर कालेज में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक गांवों में स्वक्छ पेयजल आपूर्ति के लिए हर घर जल योजना के अन्तर्गत चलाई जाने वाली योजना के लिए प्रतेक गांवों में पानी की टंकी निर्माण और उनमें बेरोजगारों को एक दर्जन से अधिक कारीगरों की जरूरत को देखते हुए प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। राज्य पेयजल एवं स्वक्छता मिशन नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के तहत चार हजार लोगों का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी ने ऐसे श्रमिकों को किट और प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि आने वाला समय जल युद्ध का होगा। क्योंकि जल ही जीवन है। जल का अनावश्यक दुर्पयोग लोग न करें। उन्होंने कहा की सरकार शुद्ध पेयजल आपूर्ति हर घर पहुंचे इस निमित्त युद्ध स्तर पर काम कर रही है। सांसद ने कहा कि विश्व का 70 प्रतिशत पानी पूरे विश्व को किसानी आदि जरूरतों में खर्च होता है। सेस जल अन्य मदन पर खर्च होता है। और 2.5 प्रतिशत जल खारा होता है। उन्होंने कहा कौशल बढ़ाओ और रोजगार पाओ। सभी को जल मिले इस के लिए सरकार काम कर रही है। सांसद ने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था पर बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे पंचायतों का समग्र विकास हो सके। उन्होंने क्षेत्र में कई प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं स्वीकृति की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनिया प्रदेश में और प्रयागराज में 7.5 लाख करोड़ रूपए इन्वेस्ट करेगी। जिससे विकास होगा। सांसद ने एसडीएम कोराव और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम सचिवालय भवनों पर सचिवों की तैनाती की निगरानी करें,और उपस्थित न मिलने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार जताया। इसी तरह विधायक कोरांव राजमणि कोल ने अतिथियों का स्वागत किया और विस्तार से सरकार की उपलब्धियों का बखान किया साथ ही सांसद की सराहना किया। और कहा कि सरकार जल जीवन मिशन के तहत बेरोजगारों को प्रशिक्षण किए जाने की बात कही। और सभी अतिथियों का आभार जताया। जल जीवन मिशन की कॉर्डिनेटर मीना शुक्ला ने साफ शब्दों में संबोधित कर कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक ग्रामों से तेरह लोगों को प्रशिक्षण किया जा रहा है जिससे जल मिशन से हर गांवों में बनने वाली टंकी से हर घर जल आपूर्ति होगी। इसके लिए तेरह बेरोजगारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हे ही काम दिया जा सके। शुक्ला ने कहा की लोग भ्रमित न हों नौकरी नहीं दी हबराजी बल्कि यह प्रशिक्षण के लिए यहां बुलाया गया है। सरकार ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है कि उक्त मिशन में सभी को नौकरी दी जाएगी। उक्त वक्तव्य से दलालों के चेहरों पर मायूसी छा गई। चर्चा है की काफी बेरोजगारों ने कुछ लोगों को रिश्वत भी दी जा चुकी है। इसी प्रकार कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल, वबुआन दुवेदी,अजीत प्रताप सिंह आदि भाजपा नेता प्रधान संगठन के मंडल मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी आदि जल जीवन मिशन के कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।



# निविदाकारों की समस्याओं का निदान करना हमारा दायित्व : कुदेशिया

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** निविदाकार इफको का अभिन्न अंग हैं। उनके हितों की रक्षा करते हुए उनकी समस्याओं का एक छत के नीचे निदान करना हम अपना दायित्व समझते है। यह बातें सोमवार को इफको में निविदाकारों के लिए हेल्पडेक्स का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि संजय कुदेशिया ने कही। इफको के वित्त प्रमुख इसके सिंह ने कहा कि निविदाकारों को जीएसटी, आयकर सेवा, बीमा सेवा, बैकिंग सेवा आदि सेवा बाजार से दस प्रतिशत की रियायत के साथ एक छत की नीचे सुलभ कराया जाएगा। इस दौरान संजय वैश्य, एमडी मिश्र, एपी राजेन्द्रन,संजय भंडारी, पीके सिंह, पीके पटेल, शम्भू शेखर, संतोष कुमार सिंह, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव में शामिल रहें।

# क्रिसमस : रंग-बिरंगे पोशाक में सजे बच्चों ने उत्सव में लगाया चार चांद

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** क्रिसमस पर्व पूरे जनपद में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालयों में विविध कार्यक्रम हुए। इसके लिए विद्यालयों, गिरजाघरों को रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया था। क्रिसमस पर्व और नववर्ष के मौके पर जेनिथ मॉडल स्कूल, रानीगंज में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। रंगबिरंगी ड्रेस में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सेंटा के पोषाक में बच्चों ने उपहार भी बांटा। प्रिंसिपल प्रियंकला सिंह ने जीसस के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को आगामी नववर्ष की शुभकामना देते हुए बताया कि जीसस का जीवन मानवता को समर्पित रहा। बच्चों को क्रिसमस पर्व का महत्व समझाते हुए सभी से प्राणियों पर दया करने की सीख दी गई।अंत में निदेशक समरजीत सिंह और प्रिंसिपल प्रियंकला सिंह ने बच्चों के बीच चाकलेट, टाफी, बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नजराना बानो ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र, अभिषेक, सुधा, स्वाती, सीमा, दिव्या, साधना, अपूर्वी, सिद्धार्थ, अंकिता, जाह्नवी, विनोद, रोशनी आदि मौजूद रहीं।

## मेजा कताई मिल श्रमिकों ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन आयुक्त से मिले, विभिन्न मांगों को लेकर कराया अवगत

**मेजा रोड।** पूर्व निर्धारित सूचना के क्रम में मंगलवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन आयुक्त शाश्वत शुक्ला के समक्ष प्रयागराज स्थित कार्यालय पर मेजा कताई मिल के श्रमिकों का एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करके सदस्यों की विभिन्न समस्याओं में ईपीएफ अंशदान जमा करने एवं भुगतान करने तथा पेंशन हितलाभ हेतु लंबित दावा प्रपत्र का निस्तारण करने एवं प्रतिष्ठान में 10 वर्ष से अधिक सेवारत रहे सदस्यों को पेंशन हित लाभ दिए जाने एवं पेंशन वृद्धि तथा पेंशन रिवाइज हेतु संघ के मंत्री रामप्रताप पांडेय द्वारा मांग पत्र आयुक्त को दिया गया। आयुक्त द्वारा मांग पत्र के समाधान का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी राधेश्याम पांडे यूनियन के मंत्री राम प्रताप पांडे ,कृपाशंकर शुक्ला अध्यक्ष, जमाल अहमद ,रघुनंदन प्रसाद गुप्त , कड़े नाथ पांडे ,शिवचंद यादव, एवं और अन्य सेवानिवृत्त सदस्य उपस्थित रहे।

# फूलपुर में ट्रक चालक की हार्ट अटैक से मौत

**अखंड भारत संदेश**

## आंध्र प्रदेश से मछली लेकर गोरखपुर आ रहा था, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव



**प्रयागराज।** आंध्र प्रदेश से मछली लादकर गोरखपुर जा रहे ट्रक चालक की फूलपुर में हार्ट अटैक से मौत हो गई। थाना क्षेत्र फूलपुर के अन्तर्गत इफको पुलिस चौकी के पास अचानक सीने में दर्द होने के कारण ट्रक खड़ी कर लोगों से मदद की गुहार लगाने लगा।ग्रामीणों व साथ रहे परिचालक की मदद से उसे फूलपुर के एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।

**मछली लादकर आ रहा था गोरखपुर**

प्राप्त जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश का मंडला वेंकटरमण 56 निवासी इलमारू थाना कृष्णा मछली लादकर ट्रक से गोरखपुर जा रहा था। जैसे फूलपुर थाना क्षेत्र के चौकी के पास पहुंचा ही कि अचानक उसके सीने में तेज दर्द होने लगा। उसने इसकी जानकारी अपने साथी ड्राइवर सुरेंद्र रेड्डी को दी।

**डॉक्टर्स बोले- दर्द के कारण गई जान**

आसपास अस्पताल न होने के कारण वह फूलपुर थाना क्षेत्र के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव के नहर के पास ट्रक खड़ी कर ग्रामीणों से गुहार लगाने लगा। ग्रामीणों की मदद से उसे फूलपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। चिकित्सकों ने बताया कि हार्ट अटैक के कारण दर्द होने से उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी होने पर फूलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### सिविल लाइन में तमंचा लेकर घूमता मिला युवक, गिरफ्तार

**प्रयागराज।** क्रिसमस मेले के दौरान ही पत्थर गिरजाघर के पास एक युवक तमंचा लेकर घूमता मिला। सोमवार रात मेला चल रहा था और चर्च के पास भीड़ लगी थी। पुलिस भी गश्त पर थी। चर्च के सामने ही प्रधान डाकघर वाली रोड पर चौकी प्रभारी धरनास्थल अमित सिंह ने पेड़ के पास खड़े एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध देख टोका तो वह भागने लगा। इस पर उसे खदेड़कर दबोच लिया गया। तलाशी में उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस मिला तो उसे थाने लाया गया। यहां पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक सिंह निवासी अशोक नगर नेवादा कैंट बताया। यह भी कहा कि उसके पिता मुंबई में रहते हैं और वह यहां अपने मामा के घर में रहता है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# जुए में हारे पैसे के लिए दोस्तों ने की थी जाहिद की हत्या

## खुलासा : स्कूल परिसर में साथ बैठकर पिया था गांजा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज परिसर में कबाड़ी जाहिद उर्फ सोनू की हत्या में पुलिस ने उसके साथी आलम खां, तालिब बाबू और अरसलान उर्फ गज्जा को गिरफ्तार करते हुए वारदात का पदार्फाश किया है। आरोपित जुआ हारने के बावजूद सोनू से पैसा मांग रहे थे। पैसा वापस न मिलने पर ईंट-पत्थर से कूंचकर कबाड़ी को मार डाला था। मंगलवार शाम पुलिस लाइन सभागार में अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश किया गया।डीसीपी नगर संतोष कुमार मीना, एसीपी श्वेताभ पांडेय ने बताया कि तुलसीपुर निवासी जाहिद कबाड़ का काम करता था। शुक्रवार शाम वह मोहल्ले में रहने वाले आलम, तालिब, अरसलान के साथ तुलसीपुर कब्रिस्तान पर पहुंचे थे। वहां कबाड़ की फेरी करने वाला साहबान उर्फ पगला आ गया, जिसके बाद सभी सोनू ने चाय मंगवाने के लिए पैसा निकाला। उसके पास ज्यादा पैसा देख साथियों ने मीठा समोसा भी मंगवाया। इसी बीच सोनू के मामा का लड़का जुनैद आ गया, जिस पर उनके बीच बातचीत हुई। इसी दौरान गांजा पीने व जुआ खेलने की बात हुई तो जुनैद ने मना किया, मगर सोनू ने उसे डांटकर भगा दिया। कुछ देर बाद पगला भी चला गया। इसके बाद चारों लोग स्कूल परिसर में गांजा पिया और जुआ खेला। तीनों लोग जुआ हार गए तो फिर से गांजा पीने लगे। तभी सोनू से हारा हुआ पैसा उसके साथी मांगने लगे और न देने पर सभी ने मिलकर कबाड़ी को मार डाला। हत्या के बाद बाउंड्री फांदकर भाग गए। इंस्पेक्टर करेली रामाश्रय यादव अपनी टीम के साथ छानबीन में जुटे तो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपित आलम खां अतरसुइया थाने से बमबाजी में भी जेल जा चुका है।

### बास्केटबॉल के तीसरे राउंड में पहुंची रज्जू भय्या की टीम

**प्रयागराज।** जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में 25 दिसंबर से नॉर्थ जोन बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता चल रही है। इसमें विभिन्न राज्यों से बास्केटबॉल की टीमें प्रतिभाग करने पहुंची हैं। वहीं, रज्जू भय्या विश्वविद्यालय से भी टीम अपना प्रदर्शन दिखाने पहुंची हैं।प्रतियोगिता में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर हिमाचल प्रदेश और रज्जू भैया विश्वविद्यालय बास्केटबॉल पुरुष टीम के बीच मुकाबला हुआ। इसमें करियर पॉइंट यूनिवर्सिटी 47 अंक बनाई तो वहीं रज्जू भैया विश्वविद्यालय की टीम ने 55 अंक की बढ़त के साथ जीत हासिल की। इस जीत के बाद रज्जू भय्या विश्वविद्यालय की टीम तीसरे राउंड में प्रवेश कर गई। इससे पूरे विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है।

**कप्तान मनीष ने अर्जित की सर्वाधिक 15 अंक** : रज्जू भय्या विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल पुरुष टीम के कप्तान मनीष ने अकेले 15 अंक बनाए हैं, जिन्हें जीत का कारण माना जा रहा है। वहीं, इस जीत के बाद टीम के सभी खिलाड़ी उत्साहित हैं।टीम के मैनेजर डॉ. मनोज कुमार तिवारी एवं श्री कोच विनोद ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा लगाए गए प्रशिक्षण शिविर का यह परिणाम है। आगे इसी तरीके से विश्वविद्यालय के सभी खेलों के प्रशिक्षण शिविर लगाएंगे, जिससे कि इसी तरह अच्छे परिणाम प्राप्त हो सके। बास्केटबॉल पुरुष की टीम के तीसरे राउंड में पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. संजय मल्ल एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. पवन कुमार पचौरी के साथ क्रीड़ा परिषद के समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# एलआईसी एजेंट से 2 लाख की लूट, तमंचे की बट से पीटकर किया घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के जार्ज टाउन कोतवाली के अल्लापुर कुंदन गेस्ट हाउस के पास बाइक सवार 2 बदमाशों ने एलआइसी एजेंट पर हमला कर दिया। तमंचे की बट से पीटकर 2 लाख रुपए लूट लिए। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने घायल एजेंट को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।पुलिस ने आसपास लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें बाइक सवार लुटेरे दिख रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर उनकी शिनाख्त कर रही है।

**रात 11 बजे बदमाशों ने रोका**

नगर के जार्ज टाउन के सोहबतियाबाग निवासी शैलेश जायसवाल उर्फ टंटू एलआईसी एजेंट हैं। सोमवार की शाम को वह कलेक्शन करने निकले थे। क्षेत्र के अल्लापुर से लाइफ इंश्योरेंस ऑफ इंडिया (एलआईसी) के दो लाख रुपये एक बैग में रखकर घर लौट रहा था। कुंदन गेस्ट हाउस के पास रात में लगभग 11 बजे बाइक सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया। वह दोनों युवक रुपयों से भरा बैग छीनने लगे। विरोध करने पर असलहे के बट से सिर पर हमला कर दिया। इससे शैलेश का सिर फट गया। वह खून से लथपथ हो गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे। यह देखकर बाइक सवार भाग निकले।

**सड़क पर गिरे थे नोट**

जार्जटाउन पुलिस भी लूट की सूचना पर पहुंच गई। सड़क पर नोट गिरे थे। जार्जटाउन इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 200 रुपये के कुछ नोट वहा मिले। मंगलवार को इलाकाई पुलिस ने पास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों की शिनाख्त करा रही है।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में नियुक्त नए शिक्षक अगले वर्ष करा पाएंगे पीएचडी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में नियुक्त 240 से अधिक शिक्षकों को अगले वर्ष पीएचडी का मौका मिल पाएगा। क्रेट-2022 में इन नए शिक्षकों की सीटों को शामिल नहीं किया गया है। पीएचडी अध्यादेश के नियमों की बाध्यता के कारण इन शिक्षकों को प्रोबेशन अवधि पूरा होने के बाद शोध गाइड बनने का अवसर मिलेगा। दूसरी ओर इवि प्रशासन जनवरी प्रथम सप्ताह में शुरू होने जा रही आवेदन प्रक्रिया को लेकर कवायद तेज कर दी है। शोध प्रवेश परीक्षा से जुड़े प्रोफेसरों की महत्वपूर्ण बैठक भी हुई। जल्द ही सीटों की गणना पूरी कर आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत कर दी जाएगी।

**विद्यार्थियों को मिलेगा भरपूर मौका**

इवि के विभिन्न विभागों में नियुक्त हुए 240 शिक्षकों की एक वर्ष की प्रोबेशन अवधि 2023 में पूरी होगी। इसकी वजह से वर्ष 2023 में शोध का भरपूर मौका विद्यार्थियों को मिलेगा। अभी 240 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

ऐसे में 2023 में होने वाली प्रवेश परीक्षा में पीएचडी की 500 से अधिक सीटें बढ़ जाएंगी। ऐसे में इवि के शोध क्षेत्र को काफी फायदा होगा। क्रेट चेयरमैन प्रो. पीके घोष ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारी अंतिम चरण में हैं। सीटों की गणना काम चल रहा है। इसके बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# एयू में युवा दिवस के दिन होगी महापंचायत

## 12 जनवरी को महापंचायत का ऐलान, सर्वदलीय बैठक में छात्रों ने लिया फैसला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के अड़ियल रवैये के खिलाफ छात्रों ने महापंचायत करने का ऐलान किया है। यह महापंचायत 12 जनवरी 2023 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र संघ भवन के सामने होगी। यह निर्णय मंगलवार को अपराहन एक बजे से आयोजित की गई सर्वदलीय बैठक में लिया गया।प्रयागराज में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में चल रहा छात्रों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। 19 दिसंबर को कैंपस में सुरक्षा गार्डों द्वारा किए गए लाठीचार्ज और उसके बाद हुई हिंसा मामले में कई छात्रों के ऊपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सुरक्षा गार्डों और विश्व विद्यालय प्रशासन के ऊपर दर्ज कराए गए मुकदमे में अभी तक कोई कार्रवाई न होने से नाराज छात्रों ने अब महापंचायत करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को अपराह्न एक बजे से सर्वदलीय बैठक करने का फैसला किया था।

**891 दिनों से चल रहा छात्रों का आंदोलन :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पिछले 891 दिनों से छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर व चार सौ पर्सेंट शुल्क वृद्धि व कुलपति की अवैध नियुक्ति के खिलाफ आंदोलन चल रहा है।

मंगलवार को सभी छात्र संगठनों की सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई । इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 12 जनवरी 2023 को युवा दिवस है।

**पूरे देश से आएंगे छात्रनेता और समर्थक** : इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभी युवा छात्र-छात्राओं के अधिकार और हक की लड़ाई के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ 12 जनवरी को महापंचायत की जाएगी। इस महापंचायत में पूरे देश से वर्तमान और पूर्व छात्र नेताओं को बुलाया जाएगा। महापंचायत में आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। विश्व विद्यालय प्रशासन के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का रोडमैप इस महापचायत में तैयार किया जाएगा।

### 19 दिसंबर को हुई थी हिंसक झड़प, आगजनी

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 19 दिसंबर को छात्रंघ भवन के गेट को बंद करने को लेकर छात्रनेता विवेकानंद पाक और सुरक्षा गार्डों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद उपजे विवाद में सुरक्षा गार्डों ने छात्रों को घेरकर उनके ऊपर लाठीचार्ज कर दिया था। इसके बाद उग्र हुए छात्रों ने पूरे कैंपस में कई गाड़ियों और कैंटीन को आग के हवाले कर दिया था। भवनों और कार के सीशे तोड़ दिए थे। बाद भी हुए पथराव और आगजनी में कई छात्र और पुलिसकर्मी घायल भी हुए थे।इस बवाल आगजनी और हिंसा के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। छात्रों के ऊपर दर्ज किए गए मुकदमे में पुलिस ने अभी तक कई छात्रों से पूछताछ की है। दूसरी तरफ छात्रों द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अभी तक किसी भी गार्ड के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे नाराज छात्रों ने अब महापंचायत करने का फैसला किया है। इस महापंचायत में सभी छात्र संगठनों के प्रतिनिधि और समर्थक शामिल होंगे।

# विजय मिश्रा के भतीजे के भवन की कुर्की टली

## प्रयागराज के बाघंबरी हाउसिंग स्कीम में कुर्क होना था करोड़ का भवन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भदोही की ज्ञानपुर सीट से 4 बार विधायक रहे माफिया और बाहुबली नेता विजय मिश्रा के बाद अब उसके रिश्तेदारों पर भी प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विजय मिश्रा के गैंगस्टर भतीजे मनीष मिश्रा की 8.3 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी है। डीएम भदोही के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मंगलवार को कुर्की की कार्रवाई होनी थी। मगर तकनीकी कारणों से ये कार्रवाई डीएम प्रयागराज संजय खत्री ने रोक दी है।

### मनीष मिश्रा के खिलाफ दर्ज हैं कई मुकदमे

बाहुबली नेता विजय मिश्रा के गैंगस्टर भतीजे मनीष मिश्रा के खिलाफ विभिन्न थानों में सामूहिक दुष्कर्म, एनएसए, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट, लूट, अपहरण, मारपीट, संपत्ति हड़पने, जालसाजी रंगदारी सहित 2 दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। अल्लापुर के बाघंबरी हाउसिंग स्कीम में मनीष मिश्रा के बहुमंजिला भवन की मंगलवार को कुर्की की कार्रवाई होनी थी पर तकनीकी कारणों से डीएम प्रयागराज ने फिलहाल कुर्की की करवाई टाल दी है। बाघंबरी हाउसिंग स्कीम में मनीष मिश्रा के भवन की अनुमानित कीमत 8 करोड़ 30 लाख रुपए बताई जा रही है।

# सीएमओ आफिस में शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की हुई समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य समिति की समीक्षा मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुई बैठक का आयोजन पीएसआई इंडिया के सहयोग से आरसीएच व परिवार नियोजन के नोडल डॉ सत्येन राय व डॉ. रावेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।स्वास्थ्य विभाग जनपद के शहरी क्षेत्र में जल्द ही 48 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने की तैयारी में है। इसके लिए विभाग डूडा व नगर निगम के सहयोग से उचित स्थान की तलाश कर रहा है। यह स्वास्थ्य केंद्र चार कमरों का होगा इसके बनने से क्षेत्र के लोगों को सुलभ माध्यम से हर प्रकार की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सहूलियत से मिल सकेगी।

### घर के पास इलाज की होगी सुविधा

डॉ. सत्येन राय ने कहा कि संयुक्त एफर्ट से हर कार्य संभव हैं तभी हम सब एक प्लेटफार्म पर मिलकर स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण को और बेहतर कर सकेंगे उन्होंने कहा कि जनपद के लिए नए बनने वाले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का चयन कार्य भी लगभग पूरा किया जा चुका हैं और जल्द ही इन पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रावेंद्र कुमार ने कहा कि स्थान को तलाशने कि प्रक्रिया बहुत तेजी से चल रही हैं। अभी 31 स्थानों का चयन भी कर लिया गया है। शेष स्थानों की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

### इन मुख्य बिंदुओं पर बनी रणनीति

शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग व समुदाय के आखरी व्यक्ति तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं को पहुंचाने के लिए 48 नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले जाने की योजना की तैयारियों की रणनीति तैयार की गयी। इसके अंतर्गत जनपद में 96 मलिन बस्ती क्षेत्रों का चयन हुआ है इसके आस-पास के क्षेत्र में ही स्वास्थ्य केंद्र के लिए जगह तलाशी जा रही है। साथ ही शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जरिए सभी किशोर-किशोरियों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के प्रति सुधार में शिक्षा विभाग व आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किस प्रकार कार्य किया जाए इस पर चर्चा हुई। बैठक में पीएसआई इंडिया से कृति पाठक व अशरफ हुसैन अंसारी व सहयोगी संस्थाओं में शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, यूनिसेफ, नगर निगम, डूडा व सीफार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कवि मनोज भावुक को मिला कैलाश गौतम काव्यकुंभ लोकभाषा सम्मान

**प्रयागराज।** साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था "कैलाश गौतम सृजन संस्थान" का राष्ट्रीय 'कैलाश गौतम काव्यकुंभ लोकभाषा सम्मान-2022' अंतरराष्ट्रीय कवि/शायर मनोज भावुक को दिया गया। पहली बार यह सम्मान किसी भोजपुरी साहित्यकार को दिया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में आयोजित भव्य समारोह में न्यायमूर्ति विपिन दीक्षित, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह व सम्मानित अतिथियों द्वारा दिया गया। सम्मान स्वरूप शाल,श्रीफल,अभिनंदन-सम्मान पत्र,स्मृति चिह्न, के साथ-साथ नकद राशि भी प्रदान की गई। मनोज भावुक उन चंद लोगों में से हैं, जिन्होंने भोजपुरी भाषा, साहित्य और संस्कृति की मशाल को मजबूती से थामा है। यूके और अफ्रीका में इंजीनियरिंग की नौकरी को छोड़कर आप पूरी तरह से भोजपुरी हेतु प्रतिबद्ध एवं समर्पित हो चुके हैं। भोजपुरी जब तरह तरह से प्रश्नांकित हो रही है, ऐसे समय में मनोज भावुक भोजपुरी समाज की चिंता, चुनौतियों को, सौंदर्य को अपने गीतों, गजलों और लेखों से रुपायित कर रहें हैं। आपको भारतीय भाषा परिषद सम्मान (2006) और पंडित प्रताप नारायण मिश्र (2010) युवा सम्मान भी मिल चुका है। अभिनय, संचालन एवं पटकथा लेखन आदि विधाओं में आपकी गहरी रुचि है। हम भोजपुरिआ और भोजपुरी जंक्शन नामक पत्रिका (ई-पत्रिका) का आप संपादन भी करते हैं। आप एक सुप्रसिद्ध कवि, कार्यक्रम प्रस्तोता व लोक मर्मज्ञ है।

**विख्यात रचनाकारों को मिला पूर्व में यह सम्मान** : कैलाश गौतम काव्यकुंभ सम्मान पूर्व के वर्षों में पद्मभूषण गोपालदास नीरज,पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. उदय प्रताप सिंह,डॉ. कुंवर बेचैन, डॉ. राहत इंदौरी, डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, प्रो वसीम बरेलवी, डॉ. विष्णु सक्सेना,श्री प्रदीप चौबे,श्री गजेन्द्र सोलंकी, शबीना अदीब,श्री सर्वेश अस्थाना,श्री यश मालवीय, पद्मश्री डॉ सुनील जोगी,डॉ सरिता शर्मा, सरदार मंजीत सिंह,डॉ सुरेश अवस्थी, डॉ कलीम कैसर, डॉ सूर्य कुमार पांडे,श्री आलोक श्रीवास्तव, डॉ सुमन दूबे आदि को दिया जा चुका है। साहित्य में जनकवि कैलाश गौतम जी की अक्षय एवं कालजयी रचनाओं की परंपरा को सहजते हुए यह सम्मान इस वर्ष लोकभाषा के लिए मनोज भावुक को दिया गया। मनोज भावुक ने इस अवसर पर आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में भी अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज की।मनोज भावुक के अलावा इस वर्ष राष्ट्रीय कैलाश गौतम काव्यकुंभ सम्मान प्रतिष्ठित शायर अजहर इकबाल व युवा रचनाकारों में चिराग जैन, भावना तिवारी, सुधांशु नवल और शिखा शुक्ला को प्रदान किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कशिया पश्चिम विकासखंड सिराथू जनपद कौशांबी

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कशिया पश्चिम विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत तुलसीराम के घर से तालाब तक लम्बाई 90 मीटर और चौड़ाई 4 मीटर इंटरलॉकिंग वा पक्का नाली निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त कार्य की अनुमानित लागत लगभग 03 लाख 98 हजार 661 रुपए प्रस्तावित है उक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म से निविदा फार्म आमंत्रित है। ग्राम पंचायत कार्यालय कशिया पश्चिम में 28 दिसम्बर 2022 से 04 जनवरी 2023 तक पंजीकृत फर्म द्वारा निविदा फार्म जमा किए जा सकते हैं। 05 जनवरी 2023 को 11:00 बजे दिन में सार्वजनिक तरीके से ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोला जाएगा निविदा फार्म स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

पंचमलाल
ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0 कशिया पश्चिम
वि0 खं0 सिराथू
जनपद कौशांबी

सतीश चौधरी
पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत कशिया
पश्चिम विकासखंड सिराथू
जनपद कौशांबी


# कोरोना का बढ़ा खतरा तो अलर्ट हुआ स्वास्थ्य विभाग

## मॉक ड्रिल कर अफसरों ने देखी हकीकत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच आज मंगलवार को प्रदेश के सभी डेडिकेटेड कोविड अस्पतालों में मॉक ड्रिल हुई। प्रयागराज समेत पूरे प्रदेश में एक साथ मॉक ड्रिल कर विभाग के अफसरों ने अस्पतालों में व्यवस्थाओं की हकीकत देखी। ऑक्सीजन सप्लाई, वेंटीलेंटर की क्रियाशीलता, दवा की उपलब्धता, मैन पावर समेत अन्य संसाधनों के बारे में अफसरों ने जानकारी ली। अलग से कोविड अस्पताल बनाने, ट्रायज बनाए जाने आदि के निर्देश भी दिए गए हैं।सीएमओ डॉ. नानक सरन, नोडल अधिकारी डॉ. आशू पांडेय व एसीएमओ डॉ. निशा सोनकर की मौजूदगी में लेवल टू के तेज बहादुर सप्रू कोविड अस्पताल में मॉक ड्रिल हुई। यहां अधिकारियों ने , इमरजेंसी, आईसीयू समेत अन्य स्थानों पर जाकर हकीकत देखी। इस दौरान अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शारदा चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज अखौरी समेत अन्य अधिकारी व डॉक्टर मौजूद रहे।

### 200 बेड कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित

सीएमओ डॉ. नानक सरन ने ने बताया कि कोरोना के खतरे को देखते आज मॉक ड्रिल कराई गई है। जो भी कमियां हैं उसे तत्काल दुरूस्त कराई जा रही है। जनपद में कुल 200 बेड आरक्षित किए गए हैं जिसमें 100 बेड स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल और 100 बेड तेजबहादुर सप्रू अस्पताल में आरक्षित हैं। पहला मरीज आता है तो उसे तत्काल पहले एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। दोनों अस्पतालों में डॉक्टरों की कोविड ड्यूटी लगा दी गई है। ताकि मरीजों के आने पर तत्काल उनका इलाज कराया जा सके।

**इन अस्पतालों में हुई मॉक ड्रिल :** इसी तरह स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में एसएमओ डॉ. आलोक कुमार, रेलवे हास्पिटल में डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश सिंह, यूनाइटेड मेडिसिटी में डिप्टी सीएमओ सुनील कुमार सिंह, कोटवा एट बनी सीएचसी पर एसीएमओ डॉ. अशोक कुमार, सीएचसी फूलपुर में एसीएमओ डॉ.तीरथलाल, सीएचसी रामनगर में डिप्टी सीएमओ डॉ. नवीन गिरि, सीएचसी मांडा में डिप्टी सीएमओ डॉ. अमृतलाल यादव की मौजूदगी में मॉक ड्रिल कराई गई।

# बारा में ब्लॉक मुख्यालय पर हुआ प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बारा विकास खंड कार्यालय पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों और सामाजिक कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। गांवों में विकास कार्यों के नाम पर धांधली का आरोप लगाया। खंड विकास अधिकारी के विरोध में भी नारेबाजी की।कौंधियारा विकास खंड में खंड विकास अधिकारी पर क्षेत्र पंचायत सदस्य व सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में बड़े पैमाने पर सरकारी धन का दुरुपयोग व बंदरबांट करने का आरोप लगाया। इसके विरोध में गांव पर्चे भी बांटे। ब्लॉक मुख्यालय पर भी पहुंचे दर्जनों लोगों के द्वारा खंड विकास अधिकारी कौंधियारा मुदार्बाद के नारे लगाए गए।

**अधूरे कार्यो को दिखाया पूरा :** विरोध प्रदर्शन में शामिल किसान नेता व सामाजिक कार्यकर्ता सोभनाथ शुक्ला के द्वारा आरोप लगाते हुए बताया गया कि खंड विकास अधिकारी कौंधियारा ने अलग-अलग ग्राम सभाओं में मनरेगा के तहत कराए गए अधूरे कार्यों को भी पूर्ण दिखा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया। इसकी जांच होनी चाहिए। इसकी शिकायत डीएम के अलावा सीएम से भी की गई है।

**मनमानी का आरोप :** विकास खंड के ही अंतर्गत आने वाले बेनीपुर ग्राम सभा के क्षेत्र पंचायत सदस्य मृदुल तिवारी ने बताया कि खंड विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कार्यालय से बाहर डांट कर भगा देती हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा कहीं गई किसी भी बात को खंड विकास अधिकारी नहीं मानती और वह अपने मनमाने तरीके से कार्य करती हैं।प्रदर्शन कर रहे लोगों में शामिल अन्य लोगों के द्वारा भी इसी तरह का आरोप खंड विकास अधिकारी कौंधियारा पर लगाए गए। खंड विकास अधिकारी कौंधियारा मीना सिंह ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। कहा कि ग्राम सभाओं में जो भी विकास कार्य कराए गए हैं, वह मानक के अनुसार हुए हैं। कोई भी इसकी जांच करा सकता है।

### बीडीओ पर लगाए धांधली के आरोप



प्रदर्शन करते सामाजिक कार्यकर्ता


## कार्यालय ग्राम पंचायत कशिया पश्चिम विकासखंड सिराथू जनपद कौशांबी

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कशिया पश्चिम विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जीटी रोड से शिव लाल के घर तक लम्बाई 60 मीटर और चौड़ाई 3.40 मीटर इंटरलॉकिंग वा पक्का नाली निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त कार्य की अनुमानित लागत लगभग 03 लाख 19 हजार 992 रुपए प्रस्तावित है उक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म से निविदा फार्म आमंत्रित है ग्राम पंचायत कार्यालय कशिया पश्चिम में 28 दिसम्बर 2022 से 04 जनवरी 2023 तक पंजीकृत फर्म द्वारा निविदा फार्म जमा किए जा सकते हैं 05 जनवरी 2023 को 12:00 बजे दिन में सार्वजनिक तरीके से ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा खोला जाएगा निविदा फार्म स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

पंचमलाल
ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0 कशिया पश्चिम
वि0 खं0 सिराथू
जनपद कौशांबी

सतीश चौधरी
पंचायत सचिव
ग्रा0पं0 कशिया पश्चिम
वि0 खं0 सिराथू
जनपद कौशांबी

# सदैव चमकता दिखेगा रामपुर खास का बहुमुखी विकास: प्रमोद तिवारी

## प्रमोद व मोना ने चार करोड़ की लागत से पेयजल परियोजना का किया भूमिपूजन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को रामपुर खास के मुरैनी मे तीन करोड़ इक्यासी लाख इक्यासी हजार रुपए की लागत से पेयजल योजना के तहत पीने के पानी की टंकी की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। दो लाख लीटर शुद्ध पीने के पानी की क्षमता से निर्मित होने वाली विधायक मोना के प्रयास से स्वीकृत हुई पेयजल टंकी की सौगात पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी चहक उठी दिखी।

जनसभा को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुर खास के बहुमुखी विकास का स्वर्णिम अभियान सदैव तेजी से चमकता दिखेगा। वहीं उन्होनें बीजेपी पर लगातार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के प्रयास में जुटा होना बताते हुए न्यायपालिका की स्वायतता बनाये रखने पर जोर दिया। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि मुरैनी मे इस पेयजल योजना के पूर्ण हो जाने पर मुरैनी समेत पूरे जियावन, पाण्डेय का पुरवा, समेत चैदह पुरवे के लोगों को शुद्ध पानी मिल सकेगा। उन्होनें कहा कि बेहतर स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए रामपुर खास के हर एक गांव तथा पुरवों में घर घर पीने के पानी की शुद्धता उनके मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक मोना ने कहा कि हाइवे तथा नेशनल हाइवे सडक परियोजनाएं व चिकित्सा एवं शिक्षा के साथ बिजली के क्षेत्र में रामपुर खास को आत्मनिर्भर बनाए जाने का मकसद इसे लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र मे भी सुनहला भविष्य सौंपना है। जनसभा में ग्रामीणों ने विकास परियोजनाओं की खुशी मे विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी का फूल व मालाओं से जमकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधान शिव बहादुर सिंह नीरज ने किया। कार्यक्रम का संचालन रामअभिलाष शर्मा ने किया। जनसभा को ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, दृगपाल यादव, डा. अमिताभ शुक्ल, महेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अशोकधर द्विवेदी, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, विकास सिंह, रामकृपाल पासी, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, बीडीसी विशाल सिंह, अजीत मिश्र, प्रभात ओझा, स्वामीनाथ सरोज, जितेन्द्र मिश्र, राजेश सिंह, कामता प्रसाद रजक, यज्ञ नारायण सिंह, जयप्रकाश कनौजिया, अब्दुल वाहिद, प्रवीण वर्मा, हरिशंकर सरोज, निर्भय सिंह, प्रमोद कोरी, जगदीश मिश्र, धर्मेन्द्र वर्मा आदि रहे।



पेयजल टंकी का भूमिपूजन करते सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा।

## कोरोना को लेकर स्वास्थ्य महकमे ने एहतियातन किया मॉकड्रिल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोरोना के दोबारा लक्षण को देखते हुए स्वास्थ्य महकमे ने बचाव को लेकर एहतियातन तैयारी तेज कर दी है। मंगलवार को नगर की सीएचसी परिसर मे स्थित ट्रामा सेंटर मे कोरोना से बचाव के लिए चिकित्सा टीम ने माकड्रिल किया। जिले के डिप्टी सीएमओ डा. आरपी गिरि के निर्देशन में ट्रामा सेंटर मे कोरोना के संभावित मरीजों के उपचार व उनके सुरक्षात्मक अन्य बिंदुओं पर पूर्वाभ्यास किया गया। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने बताया कि ट्रामा सेंटर मे कोरोना के उपचार को लेकर साफ सफाई के साथ सेनेटराइजेशन के विशेष प्रबन्ध प्रभावी किये जाएगें। उन्होने लोगों से भी एहतियातन सुरक्षा के लिए कोविड दिशानिदेशों का पालन करने की अपील की है। बतादें कोरोनाकाल में लालगंज ट्रामा सेंटर को कोविड एल-वन के रूप में प्रभावी बनाया गया था। ट्रामा सेंटर परिसर मे ही क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की विधायक निधि से ऑक्सीजन प्लांट व कोविड रैनबसेरा तथा ऑक्सीजन कन्संटेज्टर की भी सौगात मिल चुकी है।



जीआरपी थाने का निरीक्षण करते सीओ।

## असलहा प्रदर्शन में हेड और आरक्षी को सीओ ने किया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीओ रेलवे प्रथम अनुभाग लखनऊ संजीव सिन्हा ने मंगलवार को जीआरपी थाने का अर्धवार्षिक मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने बेहतर शस्त्र प्रदर्शन करने वाले थाने के हेड मुहर्रिर विनोद कुमार और मुख्य आरक्षी विनोद कुमार निषाद को पुरस्कृत किया गया। साथ ही आरक्षी से मुख्य आरक्षी की प्रोनत्ति पाने वाले जुल्फकार अली को फिती लगाकर उनके कार्य की सराहना की। सीओ ने मालखाना, बंदीगृह, और अभिलेखों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ट्रेनों में होने वाली चोरी और जहरखुरानी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों पर नकेल कसने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में पकड़े गए शातिरों को जेल की हवा खिलाने के लिए एसओ मोहम्मद राशिद खान की सराहना की। पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को साझा किया। इस दौरान उप निरीक्षक रामजीत समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने आगमन पर सीओ को सलामी दी।

# सांगीपुर में आयोजित हुई अटल भाषण प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रतापगढ़ द्वारा अटल भाषण प्रतियोगिता आज सर्वोदय महाविद्यालय सांगीपुर में हुआ जिसमें निर्णायक की भूमिका में प्रणीत, शिवनाथ यादव, राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागेश प्रताप सिंह अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागी मे प्रथम स्थान माया गुप्ता, द्वितीय स्थान रिसुवेंद्र सिंह, तृतीय स्थान स्नेहा वर्मा रही सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री नीतिश श्रीवास्तव, सुजीत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष शुभम, अवनीश अंकित सिंह, सुनील सरोज, रोहित, रजनीश शुक्ल, सत्यम सिंह, नितेश द्विवेदी, वीरेंद्र, विवेक आदि पदाधिकारी एवम कार्यकत्ता मौजूद रहे।



अतिथियों के बीच अटल भाषण प्रतियोगिता के विजेतागण।

## डीएम ने पांच गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 05 व्यक्तियों को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना हथिगंवा ग्राम बैरहना समसपुर के बच्चा यादव पुत्र बाबूलाल, थाना कन्धई ग्राम बनी के विवेक सिंह पुत्र काशी सिंह, थाना फतनपुर ग्राम बीरापुर के उदयनरायन उर्फ बीरू पुत्र फूलचन्द्र, थाना लालगंज ग्राम तिलौरी के अब्दुल रब पुत्र हजरत उर्फ मो0 अली एवं थाना उदयपुर ग्राम कुम्भीआइमा के नौरंग सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

# प्रेमी-प्रेमिका का पेड़ से लटकता मिला शव, हड़कंप

## डीएम-एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, जेठवारा थाना क्षेत्र के बलापुर की है घटना

**अखंड भारत संदेश**

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** जनपद के जेठवारा थाना क्षेत्र के बलापुर गांव में एक प्रेमी-प्रेमिका का पेड़ से लटकता शव मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मंगलवार की सुबह बाग के एक पेड़ में एक नवयुवक तथा एक नवयुवती का लटकता देख परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि बलापुर गांव के विजय पटेल का युवा पुत्र षिवम पटेल प्रयागराज में पढ़ाई करता था। इन दिनों वह अपने घर गांव आया था। उसका गांव के ही कल्पना पटेल पुत्री जवाहर पटेल से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों बालिग थे और सजातीय भी। इसके बावजूद दोनों प्रेमी-प्रेमिकाओं ने स्वयं आत्महत्या की या दोनों को मारकर पेड़ पर लटका दिया गया, इस तरह की चर्चाएं क्षेत्र में जोरों पर है। पुलिस की मानें तो यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि यह हत्या है या आत्महत्या? दोनों युवा प्रेमी-प्रेमिकाओं का अपना जीवन लीला इस तरह खत्म कर लेना लोगों के लिये तरह-तरह की शंकाएं बनी हैं। लोगों को इस घटना पर विष्वास नहीं हो रहा है। घटना की सूचना पर जेठवारा थाना की पुलिस व अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा मौके पर पहुंचे। बाद में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व एसपी सतपाल अंतिल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा पूरे मामले की जांच तेजी से करने के निर्देष दिये। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है जिसका डाक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस घटना की गहराई से जांच करने में जुट गई है। दोनों मृतक परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। गांव के बड़ी संख्या में लोग मृतकों के घर पहुंच रहे हैं। बता दें कि प्रेमिका सोमवार की शाम से ही घर से गायब थी और उसका सुबह शव प्रेमी के साथ पेड़ से लटकता मिला। बता दें कि इस सम्बन्ध को लेकर दोनों परिवारों के बीच कई बार पंचायत हुई थी लेकिन दोनों परिवार राजी नहीं थे।



घटना स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।





क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्रा।

## गुरुद्वारा में गुरमत ज्ञान प्रतियोगिता क्विज का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज प्रतापगढ़ में साहिबजादों के शहीदी पर्व एवम गुरुगोबिंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय गुरमत ज्ञान प्रतियोगिता क्विज का आयोजन गुरुद्वारा साहिब में आयोजित किया गया जिसमे 3 वर्ष से 40 वर्ष तक के लोगो ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम मंजीत सिंह गोबिंद के नेतृत्व एवम सहयोग भवनजीत कौर, रविन्द्र कौर, गुरप्रीत कौर, रविन्द्र कौर, प्रभजोत कौर, सिमरन कौर आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवम सहयोगियों का धन्यवाद किया गया। पुरस्कार वितरण 31 दिसम्बर की रात को नववर्ष के आगमन पर नव वर्ष के रंग हरि कीर्तन के संग कीर्तन दरबार में किया जाएगा।

# वालीवॉल प्रतियोगिता में देवरी को मिला विजेता का खिताब

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ब्लाक स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता मे देवरी की टीम को विजेता का खिताब मिला। सांगीपुर के भगौरा गांव में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक के दर्जनों विद्यालयों के छात्र, छात्राये भाग लिया। इसमें बालीबाल फाइनल मुकाबला रोचक दिखा। फाइनल मुकाबला देवरी व भगौरा के बीच खेला गया। तीन सेट में हुए मैच में दोंनो टीमो द्वारा एक, एक सेट जीतकर मैच जीतने से रोमांचक स्थिति बन गयी। हालांकि तीसरे सेट में मात्र एक अंक से देवरी टीम के हाथ विजेता का खिताब लग गया। वहीं कबड्डी तथा खो खो प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर को प्रथम स्थान हासिल हुआ। इसके तहत बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में मंजीत पटेल, तथा 800 में आलोक सिंह, तथा 1600 मीटर की दौड़ में सुभाष कुमार वर्मा प्रथम स्थान मिला। बालिका वर्ग में, 100 मीटर दौड़ में रानी रजक तथा 400 मीटर दौड़ में स्वाती देवी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार बतौर मुख्य अतिथि, जिला युवा समन्वयक उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने प्रदान किया। कार्यकर्म का संचलन हरिकृष्ण यादव ने किया। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी ने किया। इस मौके पर कृपाशंकर, रामजी, शिवम तिवारी, विनोद त्रिपाठी, संजय यादव, एहसान अली, बलराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ रंजिशन पीड़िता को मारने पीटने व जानलेवा धमकी का सोमवार की रात केस दर्ज किया गया है। कोतवाली लालगंज के खालसा सादात निवासी छेदीलाल मौर्य की पत्नी शकुन्तला ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चैदह दिसंबर को दिन मे ग्यारह बजे गांव के उमेश व रमेश पुत्रगण रामआनंद मौर्य तथा रामआनंद की पत्नी निर्मल व पुत्री इसरावती ने रंजिशन पीडिता को दरवाजे पर पहुंचकर गाली देना शुरू किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियो ने उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### शिशु मंदिर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आज

**प्रतापगढ़।** शैक्षिक उन्नयन के साथ साथ छात्रों के व्याहारिक ज्ञान को परखने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर अजीत नगर में गणित और विज्ञान विषय पर 28 दिसंबर को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसमें छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी प्रबंधक संजीव आहूजा ने दी है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के थाना महेशगंज के उ0नि0 विवेक कुमार मिश्रा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र ६ तलाश वांछितए वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 235/2020 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादंवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कमलेश कुमार सिंह पुत्र संत बक्श सिंह निवासी चरैया थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घरए ग्राम चरैया से गिरफ्तार किया गया।

# सौ मीटर रेस में अर्थ श्रीवास्तव रहे विजयी

## प्रभात एकेडमी में हुआ खेल महोत्सव का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रभात एकेडमी अष्टभुजा नगर प्रतापगढ़ में खेल महोत्सव का शुभारम्भ न्यायमूर्ति जगन्नाथ मिश्रा पूर्व स्पेशल जज ने फीता काटकर किया। खेल महोत्सव के प्रथम दिवस म्यूजिकल चेयर, जलेबी रेस, कैरम, चेस, लूडो का प्रतियोगिता नालन्दा, समशिला, विक्रमशिला एवं कौशाम्बी हाउस के बीच आयोजित किया गया।म्यूजिकल चेयर में भैरवी, अंश, श्रद्धा, प्रिवाशी एवं अस्मिता विजयी रहे। 100 मीटर रेस में अर्थ श्रीवास्तव, प्रकृति, मुन्ता, शगुन, आयुष पाडेय, प्राशी वत्स, प्राची सिंह विजयी रहे। जलबी रस में सरचनरू, आरोही, शिवांगी, अक्सा, फातिमा बिजयी रहे। लूडो में हर्षिता, सिद्धार्थ, आदित्य वात्सल्य, जयान्स, अर्पित शैलजा, दिव्यास विजयी रहे। इस अवसर पर पूजा सिंह, पूनम, एकता, सारा, सिद्दीकी, अंकिता, आकांक्षा, इरफान, अरविन्द, आशीष, सन्तोष, यू० एस० मिश्रा, अमरजीत, मधू माय, हर्षिता, श्रेया मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



प्रभात एकेडमी में आयोजित महोत्सव में मौजूद छात्रगण।

## ऋण धनराशि जमा कर ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त करें

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक-अनुगम ने बताया है कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 लखनऊ के माध्यम से ऋणों की वसूली हेतु वर्तमान नई एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। योजनान्तर्गत निर्धारित ऋण अवधि पर साधारण ब्याज के साथ साथ अवशेष धनराशि की एकमुश्त वसूली की जानी है। इस प्रकार शेष अवधि का सम्पूर्ण चक्रवृद्धि ब्याज एवं दण्ड ब्याज माफ कर दिया जायेगा। राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से लाभान्वित व्यक्ति भी इस योजना का लाभ पाने के लिये हकदार होगें। एकमुश्त समाधान योजना प्रबन्धक निदेशक द्वारा 30 जून 2023 तक लागू की गयी है। उन्होने कहा है कि योजना से सम्बन्धित निगम के सभी ऐसे बकायेदार जिसका ऋण ओवर ड्यू हो चुका है तथा ऋण की अदायगी एक मुश्त करना चाहते है।

# पहाड़पुर पर मेहरबान हुए खंड विकास अधिकारी

## श्रम बजट का छह गुना किया भुगतान, अन्य ग्राम सभाओ के साथ सौतेलापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड के पहाड़पुर की ग्राम सभा पर खंड विकास अधिकारी इस तरह मेहरबान हुए कि श्रम बजट का लगभग छह गुना भुगतान कर दिया। जब कि वहीं अन्य ग्राम सभाओं के साथ सौतेलापन दिखाया है। शासनादेश को दरकिनार करके खुद के आदेश से कार्य करने वाले बीडीओ के इस रवैए से प्रधानों के बीच काफी नाराजगी देखी गई।

स्थानीय विकास खंड में 2022-2023 के वित्तीय वर्ष के भुगतान को देखकर ऐसा लग रहा है की यहां शासनादेश नही बल्कि बीडीओ का आदेश ही चलता है।

### लालगंज में शासनादेश नही,साहब का चलाता है आदेश

ब्लॉक के पहाड़पुर का श्रम बजट 13 लाख बत्तीस हजार है,लेकिन यहां खंड विकास अधिकारी की कृपा की बारिश इस तरह हुई की 74 लाख छिहत्तर हजार का लगभग बजट का छः गुना का भुगतान कर दिया गया। जब की वही अन्य ग्राम सभाओं में भुगतान के लिए श्रम बजट न होने का रोना रोया जा रहा है। प्रधानों द्वारा जब भुगतान की बात की जाती है तो बीडीओ से एक ही जवाब मिलता है की जल्द से जल्द श्रम बजट बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार करके उपलब्ध कराए,जिससे अगली कार्रवाई की जा सके। वहीं प्रधानों द्वारा श्रम बजट से कई गुना कार्य को कराया जा चुका है।अब इस हाल में हजारों गरीब मजदूरों का मेहनताना न मिलने से उनके सामने परिवार के पालन-पोषण की समस्या आ खड़ी हो गई है। मजदूर प्रधान के घरों का चक्कर लगा रहा है तो प्रधान ब्लॉक का। प्रधानों की माने तो उनका कहना है कि श्रम बजट का प्रस्ताव तैयार करके बहुत पहले दिया जा चुका है, अब आगे की कार्रवाई बीडीओ की है, वहीं बीडीओ की लिखा-पढ़ी में अर्जुनपुर का ही प्रस्ताव मिला है। पहाड़पुर के अतरिक्त कई अन्य गावों पर भी थोडी-बहुत कृपा साहब की हुई है। जहां बजट से अधिक भुगतान किया गया है, जब कि शासनादेश के मुताबिक श्रम बजट पर ही भुगतान होना चाहिए। वही प्रधानों का आरोप है कि यही नियम तो पहाड़पुर पर व अन्य गावों पर भी लागू होना चाहिए। वहां क्यों श्रम बजट से अधिक का भुगतान कर दिया गया है। बीडीओ के इस सौतेलेपन रवैए से प्रधानों के बीच काफी नाराजगी दिखाई दे रही है। इस संबंध में बीडीओ से बात की गई लेकिन उन्होंने कोई जवाब नही दिया।

## खबर संक्षेप

### 15 वर्षीय बालिका गायब

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के छिमीरछा गांव की एक बालिका उम्र लगभग 15 वर्ष 23 दिसंबर को शौच क्रिया के लिए घर से गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी है परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की है लेकिन बालिका नहीं मिल सकी है जिस पर बालिका के पिता ने करारी थाना पुलिस को बालिका के गायब होने की तहरीर दी है पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर बालिका की खोजबीन शुरू कर दी है।

### चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 212 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 05 वाहनों से 2500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# शिकायतों के निस्ताराण में गुणवत्ता अवश्य करें सुनिश्चित : एडीएम

**आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की एडीएम ने की समीक्षा**



समीक्षा करते अपर जिलाधिकारी


समीक्षा बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक, डॉ0 विश्राम द्वारा उदयन सभागार में आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि 29 दिसम्बर तक सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय, कोई शिकायत लम्बित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के साथ ही टाइप आख्या ही अपलोड करने के निर्देश दियें इस अवसर पर सभी उप जिलाधिकारी गण, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं ई-डीएम कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जयपुर के एमडी मेडिसिन 50 रुपए मे भरवारी में देखेंगे मरीज

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी नगर पालिका परिषद अंतर्गत मेहता रोड स्थिति बृजेश मेमोरियल अस्पताल मे जयपुर से आ रहे एम डी मेडिसिन चिकित्सक अब गंभीर से गंभीर बीमारी जैसे पेट दर्द सर्दी फ्लू एलर्जी आंख आना दस्त सर दर्द बीमारी से ग्रसित मरीजों को 50 रुपए की फीस पर देखेंगे। बृजेश मेमोरियल अस्पताल भरवारी के प्रमुख चिकत्सक मयंक केसरवानी ने बताया कि जयपुर के चिकित्सक एम डी मेडिसिन दिनाक 28 दिसंबर को समय 11बजे से 3 बजे तक मात्र 50 रुपए मे मरीजों के मर्ज की जांच करेंगे उन्होंने कहा कि यह सभी सुविधा देश के कोने कोने के बेहतर चिकित्सको को भरवारी के बृजेश मेमोरियल हास्पिटल में बुला कर प्रत्येक दिन मरीजों की बीमारी को दूर करने के हर दिन नया नया प्रयोग किया जा रहा है लोगो ने डॉ मयंक के इस कार्यनामो की भूरी भूरी प्रशन्सा की है।

# मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सरकारी योजनाएं

**ग्राम प्रधान पंचायत सचिव भ्रष्टाचार में लिप्त खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत बने मुक दर्शक**

अखंड भारत संदेश

**बेरूवा कौशाम्बी।** बिकास खण्ड क्षेत्र मूरतगंज के अंतर्गत दर्जनों ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है ग्राम पंचायतों के विकास के लिए मिलने वाली भारी भरकम सरकारी रकम में पंचायत सचिव और प्रधान सरकारी खजाना खाली करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कही नाली निर्माण कार्य में धांधली की गई हैं तो कही इंटरलॉकिंग खड़ंजा लगाने में घोटाले हुए हैं हैंडपंप की मरम्मत एक बार कराने के बाद कई कई बार सरकारी रकम खजाने से निकाली गई है सरकारी विकास योजनाओं में ग्राम प्रधान वा पपंचायत सचिव की मिली भगत से बड़ा खेल खेला जा रहा है लगातार हो रहे भ्रष्टाचार के बाद भी खंड विकास अधिकारी मूरतगंज और एडीओ पंचायत मूरतगंज मूकदर्शक बने हुए हैं अगर एक बार भी बड़े अधिकारियों की नजर मूरतगंज ब्लाक के विकास योजनाओं की ओर पड़ी तो कई ग्राम प्रधानों वा पंचायत सचिव के ऊपर गाज गिरना तय है। मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरौली अरई सुमेरपुर जलीलपुर सिरियावां कला अमनी लोकीपुर पनसौर मलाक भारत असरफपुर पक्सराई आदि ग्राम पंचायतों में कराए गए सरकारी कार्यों में बड़ी हेराफेरी उजागर हो रही है ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के नाम पर हुए भ्रष्टाचार के मामले में लगातार ग्रामीणों द्वारा शिकायतें की जा रही लेकिन जांच के नाम पर जिम्मेदारी उन्हीं को सौंप दी जाती है जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं जिससे ग्राम पंचायतों के भ्रष्टाचार उजागर नहीं हो पाते हैं और दोषी बार बार बच रहे हैं मूरतगंज क्षेत्र में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार के मामले में आला अधिकारियों को गंभीरता से जांच कराकर दोषियों को दंडित किए जाने की जरूरत है।

# ईट से लदा ट्रैक्टर पलटा एक मजदूर की मौत तीन घायल

**चलते ट्रैक्टर से चालक के कूदकर फरार होने से हुआ बड़ा हादसा**

अखंड भारत संदेश


मजदूर युवक की मौत के बाद कार्यवाही करती पुलिस

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के शाहपुर में ट्रैक्टर चालक के ट्रैक्टर से कूद जाने के चलते अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया है जिससे ट्रैक्टर में बैठे लेबर ट्रैक्टर के नीचे दब गए हैं घटनास्थल पर एक मजदूर की मौत हो गई है हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हैं हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची है और ट्रैक्टर में दबे लोगों को स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने बाहर निकाला है घायल को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है घटना सोमवार की देर रात की है। घटनाक्रम के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोराजू गांव के ईट भट्ठे से सोमवार की रात्रि 11 बजे ईट लेकर ट्रैक्टर चालक दीपक कुमार पुत्र कमलेश शाहपुर जा रहा था अचानक ट्रैक्टर चालक दीपक कुमार चलते ट्रैक्टर से कूद गया है जिससे ईट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे शाहपुर के पास खंदक में पलट गया ट्रैक्टर के पलटते ही उसमें सवार मजदूर ट्रैक्टर के नीचे दब गए घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंची दुर्घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने मलवा हटाकर बाहर निकाला हादसे में एक मजदूर बुलबुल पुत्र बचपन निवासी महेवाघाट की घटनास्थल पर मौत हो गई और तीन मजदूर अरविंद बिमलेश लालमन दुर्घटना में गंभीर घायल हैं घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अब सवाल उठता है कि 4 मजदूरों की जिंदगी दांव पर लगाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर से कूदकर फरार हो गया है ट्रैक्टर चालक का यह कृत्य बड़े अपराधिक घटना की प्रवृत्ति को दशार्ता है जानबूझकर ट्रैक्टर से कूदने वाले ट्रैक्टर चालक पर अभी तक गंभीर धाराओं में पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

# डीएम के निर्देश के बाद भी सिराथू क्षेत्र में नहीं दिया जा रहा है अक्टूबर-नवंबर का पुष्टाहार

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू बिकास खण्ड क्षेत्र के आंगनबाड़ी व समूह अध्यक्ष द्वारा अक्टूबर-नवंबर महीने का पुष्टाहार नहीं वितरण किया जा रहा है जिला अधिकारी ने निर्देशित किया है कि अक्टूबर-नवंबर माह का पुष्टाहार धात्री गर्भवती एवं बच्चों को दिसंबर महीने में दिया जाएगा लेकिन डीएम का निर्देश सीडीपीओ सिराथू पर लागू नहीं हो रहा है चचाओं पर जाएं तो गर्भवती धात्री और बच्चों के बीच वितरण होने वाले अक्टूबर-नवंबर के पुष्टाहार की सिराथू क्षेत्र में कालाबाजारी कर पात्रों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। अक्टूबर-नवंबर महीने के पुष्टाहार को दिसंबर महीने के साथ दिए जाने के अधिकारियों के निर्देश के बाद भी दिसंबर माह में धात्री गर्भवती और बच्चों को एक महीने का ही पुष्टाहार दिया जा रहा है जिन ग्राम पंचायतों में पात्रों ने विरोध किया उनके साथ अभद्रता कर उन्हें केंद्रों से भगाया जा रहा है पुष्टाहार वितरण की शिकायत मिलने के बाद कई ग्रामों में जाकर हकीकत की जानकारी ली गयी जिसमें कई ग्राम सभा में बताया गया कि पुष्टाहार का वितरण नहीं किया गया ग्राम सभा कोखराज, महमद पुर, राला , सैलाबी, मलाकभायल, जमालमऊ, कशिया पश्चिम सहित कई ग्रामों में लाखों रुपये के पुष्टाहार को चोरी चुपके बेंचकर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने सुपरवाइजर के माध्यम से सीडीपीओ तक हिस्सा बॉट कर लिया है आखिर योगी सरकार के कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के बंटाधार में लगे सीडीपीओ व सहयोगियों के कारनामो की जांच कराकर क्या जिले के उच्च अधिकारी कठोर कारवाई करेंगें या बाल विकास परियोजना कार्यालय सिराथू में व्याप्त धांधली निरंतर चलती रहेगी यह योगी सरकार की व्यवस्था पर बड़ा सवाल है इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके कार्यालय में उपलब्ध ना होने से उनसे बात नहीं हो सकी है।

## न्यूज झरोखा

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने से धुंधकारी जैसा महा पापी का हुआ उद्धार : कथा व्यास



**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम सरीरा कस्बे में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन में कथा व्यास आचार्य अनूप कृष्ण जी महाराज ने भक्ति ज्ञान वैराग्य पर चर्चा करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण मात्र से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं उन्होंने कहा कि भक्ति से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से वैराग्य मिलता है और वैराग्य से मनुष्य के सारे पाप कट जाते हैं उपस्थित लोगों को भक्ति कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से महा पापी धुंधकारी का भी उद्धार हुआ है विभिन्न प्रसंग पर कथावाचक ने विस्तार से चर्चा की श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के शुरू होने के पूर्व 26 दिसम्बर को कथा की सफलता को लेकर आयोजकों द्वारा नगर क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई महिला और पुरुष भक्तों ने सिर पर कलश रखकर प्रभु के गुणगान करते हुए सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए इलाके के महिला पुरुष भक्तों की कथा स्थल पर अपार भीड़ उमड़ रही है श्रीमद् भागवत कथा आयोजन में प्रमुख रूप से रामचंद्र केसरवानी यूतेंद्र,बबलू, हिमांशु, मंजीत सोनी ,नरेश, दिव्यांशु, आनंद दिनेश अनुपम सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गस्त



**कौशांबी।** जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पैदल गश्त किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करते हुये लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई साथ ही लोगो से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

### एक दिन में हुई चार घरों में चोरी

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत मूरतगंज चौकी के पट्टी परवेजाबाद बड़ागांव में एक दिन में चार घरों में चोरी हुई है जानकारी के मुताबिक चौबेलाल पुत्र तड़कु के छागल, पायल, सोने की लाकेट, छा हजार रुपए नगद व रानी देवी विधवा महिला का छागल, हाफपेटी,मुंदरी, लाकेट ,कपड़ा बर्तन चार हजार रुपए नगद व दुर्गेश पुत्र पताली का छागल, पायल, चांदी के तीन सिक्का, चौदह हजार रुपए नगद व कपड़ा संजय दिवाकर पुत्र सीतला प्रसाद के पांच बकरी चोर उठा ले जाने में कामयाब हो गए हैं मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी है।

### शराब बरामद कर पुलिस ने 08 कुंतल नष्ट कराया लहन

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निर्माण एव तस्करी के विरुद्ध चलाये जा अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी चायल के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक व थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम डीहवा महमूदपुर में दबिस देकर 18 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्त दिलीप कुमार पासी पुत्र स्व0 राजा राम निवासी डीहवा महमूदपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से लगभग 08 कुंतल लहन नष्ट कराया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है

### एसपी ने किया एलआईयू कार्यालय का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा एलआईयू कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालय में दस्तावेजों के रखरखाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं एलआईयू परिसर, बैरक तथा मेस का भी निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे।

### पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** नपुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से तीन थाना महेवाघाट से दो कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# आखिर कब होगी खाद बीज की दुकानों के सैंपल की जांच पूरी : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने कृषि विभाग की खानापूर्ति की कार्यवाही पर भारी नाराजगी जाहिर की है। साथ ही विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। अजय सोनी ने कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा करीब महीने भर से अधिक समय पूर्व खाद बीज की दुकानों से नकली खाद बीज के लिए गए सैंपल पर अभी तक कोई जांच की कार्यवाही पूरी होने या नहीं होने पर सवाल करते हुए विभाग के उच्चाधिकारियों से पूंछा है कि जिले की कई दुकानों से नकली खाद बीज के लिए जो सैंपल लिए गए थे उनकी जांच पूरी हुई या नहीं। आगे पूंछा कि अगर सैंपल की जांच पूरी हो गई हो तो विभाग के अधिकारियों ने अभी तक जांच को दबाए क्यूं बैठे हैं। गौरतलब है कि समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने नवम्बर माह में कई दुकानों में नकली खाद बीज की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर ऐसी दुकानों पर समुचित कार्यवाही करने की मांग की थी। जिसपर कृषि विभाग के अधिकारियों ने जिले की खाद बीज की तमाम दुकानों में छापा मारा था और उन दुकानों से खाद बीज के सैंपल लिए थे। महीने भर से ज्यादा समय बीत जाने पर भी आज तक सैंपल जांच की कार्यवाही का कुछ अता पता नहीं चला। इस संबंध में उप कृषि निदेशक उदयभान गौतम से अजय सोनी ने पिछले सप्ताह भेंट कर लिए गए सैंपल की जांच के संबंध में पूंछतांछ कर जांच को सार्वजनिक करने की मांग की थी जिसपर उप कृषि निदेशक ने थोड़े दिन बाद सैंपल जांच के बारे में बताने को कहा था। करीब सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी अभी तक सैंपल जांच का कुछ पता नहीं चला। किसान नेता अजय सोनी ने कृषि विभाग द्वारा खाद बीज के लिए गए सैंपल की जांच के परिणाम को सार्वजनिक करने एवं दोषियों पर समुचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## विकास भवन के एक अधिकारी के जल्द बढ़ सकती हैं मुसीबत

**कौशांबी।** महिलाओं से रासलीला नचाने के मामले में बदनाम विकास भवन के एक बड़े अधिकारी की जल्द मुसीबत बढ़ने वाली हैं महिलाओं ने पुलिस कमिश्नर प्रयागराज से शिकायत कर अधिकारी के कारनामों को उजागर करते हुए उन पर कार्यवाही की मांग की है संबंधित अधिकारी से उनका पक्ष जानने के लिए बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उनसे बात नहीं हो सकी है इसके पहले भी महिलाओं से अश्लीलता करने का उक्त अधिकारी पर आरोप लग चुका है लेकिन बाद में मामला रफा-दफा हो गया था जिससे अधिकारी की मुश्किलें कम हो गई थी लेकिन इस बार मामला ठंडा होता नहीं दिख रहा है और जल्द ही अधिकारी के प्रेम लीला पर कठोर कार्रवाई हो सकती है।

# तमंचा व 26 हजार रुपए के साथ पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विभिन्न स्थानो पर चोरी की घटना कारित करने वाले पांच अभियुक्त चढ़े चरवा पुलिस के हत्थे**

अखंड भारत संदेश



पकड़े गए चोरों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** सर्दियों का मौसम शुरू होने के साथ ग्रामीण अंचलों में गृह भेदन तथा पशु चोरी की घटनायें बढ़ रही है इसके दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में विगत 10 वर्षों में प्रकाश में आये चोरो व नकबजनों का सत्यापन कराया जा रहा था इसी क्रम में आज 05 अभियुक्तों व इनके गैंग से सम्बन्धित कुछ अन्य लोगों के नाम प्रकाश में आये इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी चायल के कुशल पर्यवेक्षण में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा आज सुबह इस गैंग द्वारा चोरी की घटना का प्रयास करते समय सटीक सूचना के आधार पर बबूरा मोड़ के पास से 05 अभियुक्तों अंकुश त्रिपाठी पुत्र स्व0 ज्ञान त्रिपाठी निवासी चौराडीह थाना चरवा विनोद कुमार पासी पुत्र गुलाब पासी निवासी कठरा थाना चरवा बब्लू कुमार पासी पुत्र जयप्रकाश निवासी कटरा थाना चरवा व करन सरोज पुत्र जगलाल निवासी कठरा थाना चरवा दीपक पटेल उर्फ दीपू पुत्र सूर्यप्रकाश निवासी कठरा थाना चरवा को धर दबोचा गया अभियुक्तगणों से पूछताछ पर इस गैंग द्वारा की जाने वाली 05 घटनाओं का खुलासा हुआ जिसको इनके द्वारा स्वीकार किया गया। इनके पास से चोरी की धनराशी से शेष बचे हुये 26 हजार 800 रुपए बरामद किये गये तथा गैंग के सदस्य अंकुश त्रिपाठी के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# सरकारी हैंडपंप उखाड़ ले गए दबंग बीडीओ से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

अखंड भारत संदेश


उखाड़ा गया हैंडपंप

**कौशाम्बी।** विकासखंड के कौशाम्बी कनैली गांव में विकास कार्यों पर दबंग औराजकतत्व हावी देखें जा रहे है जिसकी शिकायत खण्ड विकास अधिकारी से करने के बाद भी दबंगों पर खण्ड विकास अधिकारी दंडात्मक कारवाही कराने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं जिसकी शिकायत कनैली गांव निवासी राकेश सिंह आरख पुत्र झुल्लूर ने जिला अधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि मेरे घर के सामने सरकारी हैण्डपम्प लगभग 30-35 साल पुराना लगा था जो चालू हालत में था जिसको गांव के दबंग व्यक्ति हरिनारायन पुत्र रामकृष्ण सिंह, हरिओम सिंह पुत्र डम्मल सिंह, शशि सिंह पुत्र मोहन सिंह जबरन खोल ले गये और बोर में ईंट डाल कर ध्वस्त कर दिया। जिसका विरोध शिकायतकर्ता ने किया तो उपरोक्त दबंग लोग शिकायतकर्त को काफी मारा ,पीटा और जान से मारने की धमकी दिया तथा शिकायतकर्ता ने अपने शिकायत पत्र में यह भी बताया है कि दो सरकारी नल हरिनारायन सिंह व शशि सिंह के घर के सामने लगे हैं जिसमें दोनों लोग मोटर डाल करके पानी का पर्सनल इस्तेमाल कर रहे है। अगर गांव मोहल्ले का कोई अन्य व्यक्ति पानी भरने जाता है तो उसे गाली-गलौज करके भगा देते है दबंगों के कृत्य से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत खण्ड विकास अधिकारी को किया जिस पर लापरवाह खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई शिकायतकर्ता दबंग के आतंक से अजीजा आ कर जिला अधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# फिसल कर बाइक सवार सड़क पर गिरा, घायल

अखंड भारत संदेश


दुर्घटना में घायल बाइक सवार

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज पुलिस चौकी के इमामगंज से कुछ दूरी पर बाइक सवार के वाहन का ब्रेक फेल हो गया जिससे वह फिसल कर के बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े हादसे में बाइक सवार घायल हो गए हैं घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक मिथलेश पुत्र रामनरेश निवासी भगवान पुर थाना नवाबगंज मंगलवार की शाम बाइक से प्रयागराज की ओर जा रहे थे जैसे ही वह इमामगंज के पास पहुंचे उनकी बाइक का ब्रेक फेल हो गया और अचानक वह फिसल कर बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े हैं बताया जाता है कि बाइक सवार शराब के नशे में थे स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

# लोकतांत्रिक अधिकार है गरीबों को मुफ्त अनाज

ललित गर्ग

**आजादी** के अमृत महोत्सव मना चुके मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में आबादी के एक बड़े हिस्से का भूखे रहना या भूखें ही सो जाना शर्म का विषय होना चाहिए। इस तरह की स्थितियों का होना राष्ट्र के कर्णधारों के लिये शर्म का विषय होना चाहिए। जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो गरीबी पर वोट की राजनीति करें, वह शासन-व्यवस्था कैसी? शर्म का विषय तो बेरोजगार को रोजगार न देना भी होना चाहिए। लेकिन हमारी पूर्व सरकारों ने गरीबी, भूख एवं बेरोजगारी को केवल सत्ता हासिल करने का हथियार बना रखा था। दुनिया की तमाम शासन व्यवस्थाएं हर नागरिक को कोई न कोई ऐसा काम देने, जिससे वह खुद अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके, नाकाम रही है। सबको रोटी एवं रोजगार देने की आदर्श स्थिति शायद किसी भी देश में नहीं है। इसलिए जो लोग खुद अपने भोजन का प्रबंध कर पाने में अक्षम हैं, उन्हें भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकारों पर आ जाती है। ऐसे लोगों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने एक उल्लेखनीय जन-कल्याणकारी निर्णय के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीबी रेखा के नीचे प्रत्येक परिवार को प्रतिमाह 35 किलो अनाज मुफ्त सुलभ कराने की घोषणा की है। अब किसी को भूखे पेट नहीं सोना पड़ेगा। भारत की 135 करोड़ आबादी को देखते हुए 81 करोड़ से अधिक लोग ऐसे हैं जो इस मदद का लाभ उठायेंगे।




सरकार को अधिक लोककल्याणकारी शासन-व्यवस्था की ओर बढ़ते हुए ऐसी भी योजनाएं लागू करनी चाहिए जिससे किसी भी नागरिक को मुफ्त अनाज के विवश न होना पड़े। वह सक्षम बने अपने भरण-पोषण के लिये। हर व्यक्ति को काम मिले, ऐसी योजना पर गंभीरता से कदम बढ़ाये जाने चाहिए। इसी से गरीबी का संबोधन मिट सकेगा। इसी से भारत एक आदर्श समाज-व्यवस्था को निर्मित करते हुए सशक्त भारत- नये भारत के संकल्प को सार्थक आयाम दे सकेगा। स्वयं का भी विकास और समाज का भी विकास, यही समष्टिवाद है और यही धर्म है, यही संतुलित एवं समतामूलक नजरिया है। निजीवाद कभी धर्म नहीं रहा। जीवन वही सार्थक है, जो समष्टिवाद से प्रेरित है। केवल अपना उपकार ही नहीं परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है। परशुराम ने यही बात भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र देते हुए कही थी कि वासुदेव कृष्ण, तुम बहुत माखन खा चुके, बहुत लीलाएं कर चुके, बहुत बांसुरी बजा चुके, अब वह करो जिसके लिए तुम धरती पर आये हो। परशुराम के ये शब्द जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करते हैं, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं। लगभग यही स्थिति नरेन्द्र मोदी के सामने है कि दुनिया में अपना नाम बहुत कर चुके, अपनी सरकार की स्थिति भी बहुत मजबूत कर चुके, अब वह करो, जिससे भारत से गरीबी की त्रासद स्थिति खत्म हो जाये। मोदी ऐसा ही करने की ओर तत्पर है। हालांकि भोजन के अधिकार के नाम से विख्यात राष्ट्रीय सुरक्षा खाद्य अधिनियम 2013 में डा. मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान पारित हुआ था मगर इसे सुचारु रूप से लागू करने की जिम्मेदारी 2014 में सत्ता में आयी मोदी सरकार को ही निभानी पड़ी थी। केन्द्र सरकार ने 2020 में कोरोना संक्रमण के फैलने पर इस अधिकार के अतिरिक्त गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त प्रदान कराने की योजना भी लागू की थी। इस योजना को दिसम्बर 2022 तक बढ़ा दिया गया था जबकि खाद्य सुरक्षा अधिनियम बदस्तूर लागू था। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गरीब परिवारों को चावल तीन रु., गेहूं दो रु. व मोटा अनाज एक रु., प्रतिकिलो की दर से मुहैया कराया जाता था। अब यह मुफ्त सुलभ कराया जायेगा और यह योजना 1 जनवरी 2023 से शुरू होकर 31 दिसम्बर 2023 तक लागू रहेगी।

पिछले कई सालों से लगातार भारत विश्व भुखमरी सूचकांक में पायदान-दर-पायदान नीचे खिसक रहा है। अगले साल आबादी के पैमाने पर हम दुनिया का सबसे बड़ा देश बनने जा रहे हैं। इस तरह भोजन और पोषण संबंधी चुनौतियां उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही हैं। उत्पादन के मामले में भी पिछड़ रहे हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। विशेषज्ञ लगातार सुझाव देते रहे हैं कि इस समस्या से पार पाने का यही तरीका है कि हर हाथ को काम मिले। मगर इस पहलू पर सफलता कठिन बनी हुई है।

गरीबी और भुखमरी हर चुनाव में मुद्दा बनती है, राजनीतिक दल इनके जरिए गरीबों का लुभाने एवं ठगने का भी प्रयास करते हैं, मगर हकीकत यही है कि हर साल ये समस्याएं बढ़ रही हैं। इनके समाधान के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। ऐसी दृढ़ इच्छाशक्ति मोदी ने दिखाई है, उससे यह विश्वास जगा है कि देश से गरीबी को दूर किया जा सकेगा। क्योंकि गरीबी के कायम रहते हुए यदि हम दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होते हैं, जो यह बेमानी जैसा लगता है। भारत जैसे विकासशील देश में अन्न सुरक्षा कानून के तहत शहरों की पचास प्रतिशत आबादी व गांवों की 75 प्रतिशत आबादी आती है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि आर्थिक असमानता का स्तर क्या है? इस असमानता को पाटने की गरज से ही खाद्य सुरक्षा कानून बनाया गया था जिसका पालन पिछले नौ वर्षों से हो रहा है।

**गरीबी और भुखमरी हर चुनाव में मुद्दा बनती है, राजनीतिक दल इनके जरिए गरीबों का लुभाने एवं ठगने का भी प्रयास करते हैं, मगर हकीकत यही है कि हर साल ये समस्याएं बढ़ रही हैं। इनके समाधान के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। ऐसी दृढ़ इच्छाशक्ति मोदी ने दिखाई है, उससे यह विश्वास जगा है कि देश से गरीबी को दूर किया जा सकेगा**

कल्याणकारी राज में सरकार अपने नागरिकों की आर्थिक हैसियत देखकर जो भी सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराती है, वह कोई खैरात या दया नहीं होती बल्कि उनका अधिकार होता है क्योंकि प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देता है। वैसे भी लोकतन्त्र का यह नियम होता है कि नागरिकों को सुविधाएं उनके कानूनी हक के रूप में मिलती हैं क्योंकि उन्हीं के एक वोट की ताकत से सरकारों का गठन या बदलाव होता है। इस तरह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराना एवं वोटों को प्रभावित करने के लिये मुफ्त की बिजली एवं पानी या अन्य सुविधाओं में बड़ा अन्तर है। इनमें नीति एवं नियत का भी फर्क है। मगर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि अगले वर्ष 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं, अतः गरीबों को मुफ्त अनाज के राजनैतिक आयाम भी हो सकते हैं। इसके बावजूद सरकार का फैसला सराहनीय कहा जायेगा क्योंकि लोकतन्त्र में नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति करना सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है। मूलभूत आवश्यकताओं में ही रोजगार भी है, रोजगार का अर्थ केवल सरकारी नौकरी या सरकारी काम से मानते चलेंगे तो कभी भी यह लक्ष्य हासिल नहीं कर पायेंगे। नागरिकों को ऐसी सुविधाएं दी जाये कि वे रोजगार लेने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले या स्वरोजगार करने वाले बने।

अगर तटस्थ दृष्टि से बिना रंगीन चश्मा लगाए देखें तो गरीबी देश का एक बड़ा अभिशाप हैं। गरीब, यानि जो होना चाहिए, वह नहीं हैं। जो प्राप्त करना चाहिए, वह प्राप्त नहीं है। चाहे हम अज्ञानी हैं, चाहे भयभीत हैं, चाहे लालची हैं, चाहे निराश हैं। हर दृष्टि से हम गरीब हैं। लेकिन इस गरीबी से बड़ी है भूखे सोने की विवशता। यह भूख एवं गरीबी भयभीत करती है। अमीरी एवं गरीबी के बीच बढ़ती दूरी अधिक भयभीत करती है। क्योंकि गरीबी का बड़ा कारण कुछ चुनीन्दा लोगों के हाथ में अमीरी का केन्द्रित होना है। गरीबी की शर्म की रेखा को तोड़ने के लिए मोदी ने जो कदम उठाया है, निश्चित ही स्वागतयोग्य है। शर्मी और बेशर्मी दोनों मिटें, गरीबी का संबोधन मिटे, तब हम नये भारत-सशक्त भारत के सूर्योदय के नजदीक होंगे।

## संपादकीय

# उत्तर प्रदेश में बहेगी विकास और निवेश की गंगा

**वर्ष** -2023 उत्तर प्रदेश के विकास और निवेश के लिए एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है । फरवरी में आयोजित होने जा रही इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से इस वर्ष आने वाले अभूतपूर्व निवेश से जहाँ प्रदेश के युवाओं को विविध क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे वहीं किसानों की आय भी बढ़ने जा रही है। भारत को जी -20 की अध्यक्षता मिलने के बाद प्रदेश के चार प्रमुख शहरों में भी इस समूह के देश के विभिन्न मंत्रियों व अधिकारियों की बड़ी बैठकें होने जा रही है। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निवेशकों व पर्यटकों को आकर्षित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहती और उसका मास्टर प्लान भी तैयार हो चुका है।आगामी वर्ष 2023 में प्रदेश में कई मेगा इवेंट होने जा रहे हैं। खेलो इंडिया मूवमेंट का आयोजन करने का दायित्व भी प्रदेश को मिला है। प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुहिम चलाई और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। अब तक के समाचारों के अनुसार फरवरी में राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रही समिट में 52 से अधिक निवेशक व कंपनियां हिस्सा लेंगी। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने विदेशों में रोड शो किये तथा इस दौरान एक जिला -एक उत्पाद जैसी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया किया । प्रदेश में निवेश आमंत्रित करने के लिए अलग अलग देशों में गए प्रतिनिधि मंडलों को अच्छी सफलता मिली है। अमेरिका, नीदरलैंड,यूएई सहित खाड़ी के कई देश प्रदेश में भारी भरकम निवेश के लिए तैयार हो रहे हैं। विदेशी निवेशकों में जिस प्रकार का आकर्षण दिख रहा है उससे साफ हो गया है कि विदेशों में भी योगी मॉडल लोकप्रिय हो गया है।आस्ट्रेलिया और बेल्जियम से निवेश का कॉरिडोर बन रहा है।ब्राजील के निवेशक भी प्रदेश में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं।आस्ट्रेलिया के निवेशक प्रदेश में डिफेंस, वाटर रिसोर्स हेल्थ और अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने के लिए उत्साहित हुए।बेल्जियम में आयोजित रोड शो में यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक की ओर से बैठक में ब्रुसेल्स में एशिया और पैसिफिक डिविजन के हेड और एमडी एडवांस बमनस्टेस भी उपस्थित रहे।बैठक के बाद प्रदेश सरकार में औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि विदेशी निवेशकों के लिए डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ब्राजील में निवेशकों से मुलाकात कर कृषि, डेयरी,आईटी व फार्मा सेक्टर में निवेश की संभावनाएं तलाशी हैं।दक्षिण कोरिया और जापान आदि देशों के निवेशकों में भी प्रदेश में निवेश करने का उत्साह दिखा। सिंगापुर की कंपनियों ने 8500 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं।नीदरलैंडस से 1050 करोड़.के प्रस्ताव मिले हैं।जापान ने मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है।कनाडा प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा भागीदार बनना चाहता है। स्वीडन की कंपनियों ने हथियारों का प्लांट लगाने की इच्छा जताई है।जिसमें स्वीडन की कंपनियों ने प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर 15 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है।ये कंपनियां फिल्म सिटी , रिटेल टूरिज्म वेस्ट मैनजमेंट जैसे क्षेत्रों में निवेश करने को तैयार हैं।अर्जेंटीना के निवेशकों के साथ भी सार्थक चर्चा हुई और कृषि व आईटी आदि क्षेत्रों के लिए निवेशकों ने उत्साह दिखाया है।मेक्सिको, लंदन और जर्मनी में हुए रोड शो में प्रदेश सरकार द्वारा दी गई प्रस्तुति से निवेशकों में विशेष उत्साह देखने को मिला है। निवेशकों से चर्चा के दौरान मेक्सिको के निवेशकों को एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत लोकप्रिय उत्पाद भेंट किये गये।जापान और दक्षिण कोरिया के प्रमुख औद्योगिक घरानों से25,456 करोड़ रूपए के एमओयू पर साइन भी हो गये हैं। ग्लोबल इन्वेस्टमेट समिट के लिए केवल विदेशी निवेशक ही नहीं अपितु स्वदेशी कंपनियां भी उत्साहित हो रही हैं।भारतीय उद्योगपतियों के समूह ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट फरवरी में सहभगिता के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपना उत्साह व समर्थन जताया।मुख्यमंत्री के सामने एवन साइकिल ग्रुप ने 500 करोड़, हीरो ग्रुप ने 350 करोड़ वैप ग्रुप ने 100 करोड़ रूपए का निवेश करने का प्रस्ताव रखा। अमेरिका और ब्रिटेन की कंपनियां जो निवेश करने जा रही हैं उससे प्रदेश में 5.60 लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। फ्रांस की एक कंपनी प्रदेश में 1,000 करोड़ रूपए का निवेश करने जा रही है। विदेशी दौरे पर गए मंत्रियों से जो रिपोर्ट प्राप्त हुई है उसके अनुसार आईटी, कृषि और वैकल्पिक ऊर्जा में बड़ा निवेश आने जा रहा है। जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन आदि देशों की कई कंपनियां तकनीक भी साझा करने पर सहमत हो गई हैं।प्रदेश के सभी मंत्रियों ने अपने विदेशी दौरे के दौरान प्रदेश सरकार व यूपी की खूबियां बताई जिससे निवेशक उत्साहित हुए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि, यूपी सबसे बड़ा श्रम एवं उपभोक्ता बाजार है। सरकार जल, वायु, सड़क और रेल नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है जिससे उद्योगों को वैश्विक और घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लाजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी। हमारे पास दुनिया की सबसे उर्वर भूमि है और सबसे संपन्न जल संसाधन है। विगत साढ़े पांच वर्षों में यूपी की छवि बदली है।हमारा प्रदेश राष्ट्रीय अर्थवयवस्था में अहम योगदान कर रहा है।

# अनुभव जिंदगी से कमाया हुआ फल

किशन भावनानी

**मानवीय** जीवन में प्रत्येक मनुष्य में अनुभव की ऐसी अनेक विशेषताएं पाई जाती है जिसके बल पर समाज राष्ट्र में उनका आंकलन सकारात्मक और नकारात्मक रूप से किया जाता है। मसलन, कोई मनुष्य इमानदार, महत्वकांक्षी,परोपकारी सेवाभावी,अनुभवी इत्यादिसैकड़ों सकारात्मक विशेषताएं हो सकती है और अपराधी, गुस्सैल, चिड़चिड़ा, बेईमान, चोर उचक्का, लफंगा इत्यादि सैकड़ों नकारात्मक विशेषताएं हो सकती है जिसके आधार पर समाज और राष्ट्र में उन व्यक्तियों के चरित्र का आंकलन कर उसे आगे बढ़ाया जाता है उसके आधार पर उसके भविष्य की सफलता, असफलता निश्चित होने में सहायक होती हैं। आज के आर्टिकल में हम इस एक बहुत बड़ी मानुषी ताकत अनुभव पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम अनुभव जिंदगी से कमाया हुआ फल की करे तो, अनुभव का विशेष स्थान है। यह अनुभव सामान्य हों या महत्वपूर्ण सभी इंसानों के जीवन में महत्व रखता है। इनसे हानि का कोई आधार नहीं होता। बल्कि इनसे तो जीवन निखरता है। यदि हम वास्तविकता में अपना मूल्य बढ़ाना चाहते है और अपनेजीवन की सफलता सुनिश्चित करना चाहते है, तो अपने अनुभवों से सीख लेना अभी से शुरू कर दें। क्योंकि हमारे अनुभव हमारी जिंदगी से कमाया हुआ वह फल है, जो हमको हर समय काम आयेगा। हमारे अनुभव हमारी ऐसी कीमती वस्तु हैं जो, जितना अधिक पास होगा, उतना ही वो खास होगा और हम सारे जहा में बाट सकेंगें, फिर भी वो खतम नहीं होगी। जब भी किसी इंसान के जीवन में कोई मुश्किल परिस्थिया आती है तब वो इंसान उन परिस्थियों का सामना अपने पूर्व अनुभव के आधार पर करेगा इसी प्रकार ज्ञान प्राप्ति का एक प्रमुख मार्ग अनुभव होता है और अनुभव से हम अपना जीवन सफल बना सकते है।

साथियों बात अगर हम अनुभव जिंदगी का एक शिक्षक होने की करें तो अनुभव ही हमारा सबसे बड़ा शिक्षक होता है क्योकि जो ज्ञान हमें अनुभव से मिलता है वो और कही पर नहीं मिलता ज्ञान तो हमें किसी के पास भी मिल सकता है लेकिन अनुभव सिर्फ खुद से ही मिलता है और एक बात अनुभव किसी बाजार में नहीं मिलता वो तो बस हमारी परिस्थियों से हमें मिलता है हमारे कार्य से मिलता है। जब भी हम कोई कार्य करते है तो वो कार्य सफल भी हो सकता है और असफल भी हो सकता है। अगर मान लीजिये की हम उस काम को करने में असफल रहे तो हमको एक नया अनुभव सीखने को मिलेगा कि काम को इस तरीके से करने से इस काम में असफलता मिलती है और दूसरी बार हम उस काम को अलग तरीके से करते है और हमको सफलता मिलता है तो भी हमको उस काम को सही तरीके से करने का अनुभव प्राप्त होता है। यानें कि अनुभव हमें हमारी भूलो से प्राप्त होता है। आज हर एक इंसान जन्म से लेकर मौत तक तरह, तरह का अनुभव लेता है याने कि इंसान के जीवन की शरुआत अनुभव से होती है हर एक इंसान के पास कुछ ना कुछ अनुभव होता है फिर वो किसी भी चीज का हो सकता है लेकिन अनुभव होता है। कोई इंसान हमको कुछ सलाह देता है वो उनके अनुभव के आधार पर हमको सलाह देता है क्योकि हम भी वो गलती न करे जो उसने की है। वो अनुभव से कह सकता है।इंसान कई बार जाने अनजाने ऐसी गलतिया करता है जिसका बहुत बुरा परिणाम हमें मिलता है लेकिन वही गलतियां हमारे जीवन को मधुर बनाने का आधार बनती है। इसलिए ऐसा कहा गया की गलती करना कोई मूर्खता नहीं है लेकिन अपनी गलती फिर से दोहराना मूर्खता है या फिर गलती से कुछ न सीखना मूर्खता है। इसलिए हम अपनी गलती से भी कुछ सीखे कुछ अनुभव ले ताकि वो गलती दूसरी बार न हो। साथियों बात अगर हम अनुभव की करें तो यह किसी समाज, शिक्षण संस्था या बाजारों में मिलने या सीखने वाला गुण नहीं है बल्कि हर व्यक्ति का उसके जीवन यात्रा याने उम्र के बढ़ते चरण में आई परिस्थितियों में ढलकर, बहुमूल्य सीख के रूप में प्राप्त होता है यह जीवन की कमाई और अनमोल खजाने में से एक है क्योंकि यह हर व्यक्ति के पास होता है चाहे वह अमीर हो या गरीब, पढ़ा लिखा हो या अनपढ़, बस जरूरत है अपने इस अनुभव के गुणों को पहचानने की।

साथियों बात अगर हम अनुभव पर बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो हमने सुने होंगे, यह बाल कोई धूप में सफेद नहीं किया, बड़ा तजुबेर्गार है, तजुर्बे का धनी है, अनपढ़ है पर तजुबेर्गार है, कितने साल का तजुर्बा है, अनुभव का तकाजा है, अनुमान गलत हो सकता है पर अनुभव नहीं,अनुभव का बादशाह है इत्यादि इत्यादि साथियों बात अगर हम अनुभव की महत्वता की करें तो अनुभव मानवीय जीवन से जुड़ा एक अनमोल खजाना है इसी के बल पर मनुष्य बड़ी शोहरत प्राप्त करता है शासकीय, प्रशासकीय, निजी, बहुत बड़े-बड़े पदों पर नीतियां, रणनीतियां बनाने अनुभव के आधार पर ही प्रमोशन, नियुक्तियां होती है। केंद्र या राज्य सरकारों में मंत्रियों की नियुक्ति का एक महत्वपूर्ण आधार अनुभव भी होता है जिसका लाभ सिस्टम और जनता तक पहुंचाने के लिए उस प्रॉपर व्यक्ति की नियुक्ति उस मंत्रालय के हेड के रूप में की जाती है, यानें हम कह सकते हैं कि अनुभव एक ऐसी चाबी है जिससे अति पुरानें और बिगड़े ताले को खोलने याने समस्याओं के समाधान के लिए सरल उपाय होता है जो बहुमूल्य अस्त्र का काम करता हैं।अनुभव पाने के लिए इंसान गलती कर सकता है लेकिन अनुभव पाने के बाद इंसान गलती कभी नहीं करता एक शिक्षक हमें पहले पढ़ाते है उसके बाद हमारी परीक्षा लेते है जबकि अनुभव पहले हमारी परीक्षा लेता है उसके बाद हमें सिखाता है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक संबोधन की करें, तो पीआईबी के अनुसार अनुभव के बारे में उन्होंने कहा कि, एकेडमिक ज्ञान की कभी-कभी बहुत सीमाएं होती हैं, वो सेमिनार में काम आता है लेकिन अनुभव से जो प्राप्त हुआ होता है उसमें समस्याओं के समाधान के लिए सरल उपाय होते हैं। उसमें नयापन के लिए अनुभव का मिश्रण होने के कारण गलतियां कम से कम होती हैं। और इस अर्थ में अनुभव का अपना एक बहुत बड़ा महत्व होता है। और जब ऐसे अनुभवी साथी सदन से जाते हैं तो बहुत बड़ी कमी सदन को होती है, राष्ट्र को होती है। आने वाली पीढ़ियों के लिए जो निर्णय होने वाले हैं, उसमें कुछ कमी रह जाती है।

# देश के प्रति अखंड समर्पण की परिणति ही राष्ट्रवाद

संजीव

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे। वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं'

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है। वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

# नया साल और पुरानी यादें

डॉ. सुरेश कुमार

**नए** साल आने को था। मधुशाला के रास्ते सरकार को विकास तक पहुँचाया। यह सब देखने बाद मुझे लगा कि धरती माँ अब पहले की तरह नहीं रही। एकदम बदल गयी है। वैश्वीकरण के नाम पर मोबाइलों, लैपटॉप और कंप्यूटरों में सिमट गयी है। अब वह गोल नहीं सपाट हो गई। एक छोटा सा डिजिटल गाँव हो गई है। कापोर्रेट दुनिया की गुलाम हो गई है। गूगल, फेसबुक, अमेजान की मोहताज हो गई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के घेरे में रोबोट बनकर खेल रही है। कभी ड्रोन तो कभी क्लाउड की दुनिया में घूम रही है। आंकड़े, दस्तावेज, श्रव्य-दृश्य सामग्री भंडारण करने वाली गोदाम हो गई है। ऊबर-ओला टैक्सी बनकर इधर-उधर चक्कर काट रही है। टिक-टॉक, वाट्सएप, ट्विटर, यूट्यूब, इस्टाग्राम जैसी सूचना प्रौद्योगिकी के मोहजाल में बांध दी गई है। कुछ कहने के लिए वोडाफोन, एयरटेल, जियो और रहने के लिए एप्पल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, वन प्लस का मुँह ताकती है। अब उसका वैलिडिटी पीरियड भी फिक्स्ड होने लगा है। प्री-पेड और पोस्ट पेड की तरह जीने की आदी हो चुकी हो। कॉपोर्रेट कॉरिडोर के आंगन में इलेक्ट्रॉनिक गजटों से खेलने लगी है। धीरे-धीरे खत्म होने लगी है। दुर्भाग्य यह है कि उसकी सेटिंग्स में कंट्रोल जेड का बटन भी नहीं है। वह चाहकर भी पहले जैसी नहीं बन सकती। रात के समय उन युवाओं ने दोस्तों के साथ मिलकर पार्टी-शार्टी की। नशे में धुत्त बाईक चलाते हुए सड़क पर आते-जाते लोगों को हैपी न्यू ईयर कहते हुए चिल्ला रहे थे।

## फटाफट खबरें

### विश्व हिन्दू महासंघ ने डीएम से भेंटकर सौंपी पत्रिका



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** विश्व हिन्दू महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया की अगुवाई में जिले की टीम ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी से भेंटकर उन्हें पराक्रम पत्रिका भेंट की। पठान मूवी के प्रदर्शन पर रोक लगाने बाबत ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को विश्व हिन्दू महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया की अगुवाई में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से भेंटकर पराक्रम पत्रिका भेंट करते हुए पठान मूवी के प्रदर्शन पर रोक लगाने बाबत ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ये मूवी देश की सनातन संस्कृति के खिलाफ है। इस मूवी का प्रदर्शन तत्काल प्रभाव से रोक देना चाहिए। मूवी को किसी भी सनातनी परिवार को नहीं देखना चाहिए। मूवी में गलत ढंग से केसरिया रंग का प्रयोग व गाने को अश्लील ढंग से पेश किया गया है।

ज्ञापन सौंपने में उनके साथ विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, महामंत्री रवि श्रीवास्तव, मातृ शक्ति जिलाध्यक्ष डॉ सुनीता श्रीवास्तव, जिला प्रभारी ममता तिवारी, महामंत्री संध्या पाण्डेय आदि शामिल रहे।

### किसी भी दशा में न हो अवैध प्लाटिंग: डीएम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राधिकरण की आय बढाने को मास्टर प्लान बनाया गया है।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने प्राधिकरण के अवर अभियंता को निर्देश दिये कि भवन निर्माण को जिन लोगों ने नक्शा पास कराने के आवेदन किये हैं। उनका तत्काल निस्तारण किया जाये। बिना नक्शा पास कराये कोई भी मकान का निर्माण नहीं होना चाहिए। बिना नक्शा पास कराये जो मकान बना रहे हैं, उन पर कार्यवाही की जाये। लोगों से अपील किया कि जो मास्टर प्लान तैयार हुआ है, उसके तहत विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराये मकानों का निर्माण न करें।

उन्होंने अवर अभियंता को निर्देश दिये कि सभी अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्यवाही की जाये। किसी भी दशा में अवैध प्लाटिंग न होने दिया जाये। बैठक में एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव समेत विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### चोरों को दबोचकर चोरी की मोटरबाइकें बरामद




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर बहिलपुरवा थानाध्यक्ष गुलाबचन्द्र सोनकर की टीम ने दो मोटरबाइक चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरबाइक व दो तमंचे तथा कारतूस बरामद किये हैं।

मंगलवार को बहिलपुरवा थानाध्यक्ष गुलाबचन्द्र सोनक की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गिरधारबाबा मोड के पास संदिग्ध वाहनों की जांच दौरान गुल्लू लोध पुत्र चुन्नू राजपूत निवासी काशीराम कालोनी लोढवारा कोतवाली कर्वी व संजय दर्जी पुत्र बलदेव निवासी रुखमाखुर्द थाना बहिलपुरवा को दबोचा। इनके कब्जे से चोरी की दो मोटरबाइकें व दोनों से एक-एक तमंचा तथा कारतूस बरामद किया। पूंछताछ में चोरों ने बताया कि बरामद मोटरबाइकें चोरी की हैं। 22 दिसम्बर को कर्वी से चोरी की गई थी। मोटरबाइकों को चोरी कर नम्बर प्लेट हटाकर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बेंचते थे।

दोनों के खिलाफ थाने में मामला दर्जकर वाहन स्वामी के बारे में जानकारी की जा रही है। गुल्लू लोध का आपराधिक इतिहास कोतवाली कर्वी में दर्ज है। टीम में थानाध्यक्ष गुलाबचन्द्र सोनकर के साथ सिपाही शक्ति सिंह, एहसान अली, रनवीर सिंह, नर्सिंहराव, गौरव पाण्डेय शामिल रहे।

### 17 सिपाहियों को एसपी ने किया लाइन हाजिर

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने किसी न किसी आरोप में शामिल 17 सिपाहियों को लाइन हाजिर किया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने अपनी तैनाती के बाद जाहिर किया है कि उन्हें किसी भी कीमत में भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के साथ कार्य करना पसंद नहीं है। इसी क्रम में उन्होंने साफ संदेश दिया है कि भ्रष्ट व कानून के खिलाफ काम करने वाले थाना-कोतवाली प्रभारी भी नपेंगे। उन्होंने रैपुरा थाने में तैनात सिपाही बाबूलाल, धर्मेन्द्र प्रजापति, दिलीप कुमार को पुलिस लाइन भेजा है। इसी क्रम में चैकी शिवरामपुर में तैनात सिपाही अरविन्द सोनी, प्रकाश मिश्रा, कोतवाली कर्वी में तैनात सिपाही प्रवीण कुमार पाण्डेय, थाना राजापुर में तैनात सिपाही लवलेश यादव, थाना बरगढ में तैनात सिपाही राघवेन्द्र राजपूत, थाना मानिकपुर में तैनात सिपाही दुर्गेश कुमार, थाना पहाडी से प्रमोद यादव, रैपुरा से दीपक श्रीवास्तव, भरतकूप से आनन्द प्रताप, थाना मऊ से होलिकेन्द्र कुमार, चैकी सीतापुर से शिवम गुप्ता, बहिलपुरवा से रनवीर सिंह, सरधुआ से वेदप्रकाश व थाना भरतकूप से शफीक अहमद को पुलिस लाइन भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक ने एक साथ 17 सिपाहियों को लाइन हाजिर कर संदेश दिया है कि उन्हें किसी भी रुप में भ्रष्ट पुलिस कर्मी के साथ काम करना पसंद नहीं है। आगे भी उम्मीद है कि कुछ कोतवाली-थाना प्रभारी भी इसी चपेट में आयेंगे।

# जलशक्ति मंत्री ने अभियंताओं को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सिंचाई एवम् जलसंसाधन विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिनांक 27 दिसंबर 2022 को प्रदेश के उन अभियंताओं को सम्मानित किया है जिन्होंने ने वर्ष 2021 एवम 2022 में नहर की सफाई व अन्य कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है तथा समय से किसानों को पानी असमय से मुहैया कराया है। ऐसी ही हमारे जिले के सिंचाई प्रखंड प्रथम कर्वी के अधिशासी अभियंता श्री आशुतोष कुमार एवम सहायक अभियंता श्री गुरु प्रसाद जी तथा जूनियर इंजीनियर श्री जय प्रकाश जी को मा0 जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह एवम राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद जी ने अपने कर कमलों द्वारा इन सभी को विभाग में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र लखनऊ के राम मनोहर लोहिया पेक्षागृह में देकर सम्मानित किया है।



राममनोहर लोहिया प्रेक्षागृह लखनऊ में आयोजित अभियंता सम्मान समारोह में प्रदेश के कई जिलों से आए अभियंता गणों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भूरी भूरी प्रसंसा की और कहा की हमारी सरकार किसानों को अच्छी सिंचाई सुविधा प्रदान कर रही है। जहा पर कई वर्षो से किसानों को पानी नहीं मिला है वहा आप सभी ने सरकार के मंशा के अनुरूप दिन रात कड़ी मेहनत कर हमारी गरिमा को ऊंचा किया है तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि आपको भी सम्मान मिलना चाहिए और इस व्यवस्था को मै पहली बार लागू किया है इससे आपकी ऊर्जा दुगनी होगी। अच्छी मेहनत से कार्य कर हमारे अन्नदाता को समय से टेल तक पानी पहुंचा कर सरकार की इच्छा के अनुरूप महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जलशक्ति राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद ने कैबिनेट मंत्री जी के निर्देशन में अभियंताओं द्वारा किए गए सिल्ट सफाई के कार्यों हेतु सभी को बधाई दी है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में क्लीन सिटी, स्मार्ट सिटी व ड्रीम सिटी, पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन





**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** राजकीय बालिका इण्टर कालेज, उन्नाव में माध्यमिक शिक्षा परिषद विभाग द्वारा ग्रीन सिटी क्लीन सिटी स्मार्ट सिटी और ड्रीम सिटी पोस्टर प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा छात्र/छात्राओं द्वारा ग्रीन सिटी क्लीन सिटी, स्मार्ट सिटी और ड्रीम सिटी विषय पर तैयार किये गये पोस्टरों का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये पोस्टरों का अवलोकन करते हुए पोस्टर के विषय में प्रश्न किये। प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रोफेसर के०सी० बाजपेयी ने अपना अमूल्य समय देते हुए छात्र-छात्राओं से अपना अनुभव साझा किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण को शीट पर उतारने की कला पोस्टर कला कहलाती है, जो आज देखने को मिली है। ऐसी प्रतियोगिताएं ऊर्जा का संचार करती है। उन्होने कहा कि स्कूल की उम्र एक विचारधारा गृहण करने की होती है जिससे आगे चलकर व्यक्ति में परिपक्वता आती है तथा सफल इन्सान बनता है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर नूपुर गोयल, जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज, उन्नाव किरन भारती, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज उन्नाव सहित विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# हादसों को दावत दे रहे, नाबालिग बैटरी आटो चालक

## शासन प्रशासन इस तरफ नहीं दे रहा ध्यान आंखों के सामने से गुजरते हैं इलेक्ट्रिक रिक्शा

**अखंड भारत संदेश**
**बांगरमऊ उन्नाव ।** कस्बे में देखे जा सकते हैं कि आए दिन जाम लगता रहता है। अगर इस जाम का कारण पूछो तो बहुत लोग यह कहते मिल जाएंगे और भी बाइ पास बनने चाहिए लेकिन ध्यान देने की बात करें कि उन्नाव से हरदोई रोड के लिए बाई पास बना है। जिससे सभी बड़े वाहनों का निकलना बाहर से होता है यह सब होने के बाद भी बांगरमऊ में जाम



लगना बंद नहीं हुआ। जिसका एक कारण यह है कि यातायात नियमों का सही से पालन न करना उसके लिए नियमों की अनदेखी करना भी शामिल है। लेकिन आज जब देखो पैसे के लिए परिवार के लोग भी नहीं सोचते कि अपने नाबालिग बच्चों को रिक्शा चालने के लिए भेज देते हैं। यह भी एक बड़ा कारण है कि आए दिन बांगरमऊ में जाम लग जाता है। नाबालिग चालकों को यातायात नियम न पता होने से इधर उधर रिक्शा चलाते रहने पार्क आदि नियम विरुद्ध करने से जाम लग जाता है।

लेकिन इस पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा और इसकी वजह से कभी भी बडा हादसा हो सकता है। इस तरफ पुलिस को ध्यान देने की जरूरत है अगर कोई नाबालिग आटो बैटरी रिक्शा नाबालिग चालक मिलता है तो उनके परिजनों पर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# पृथक बुंदेलखंड के दो दर्जन संगठनों को एक मंच पर लाएगी बुंदेली सेना

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पृथक बुंदेलखंड राज्य को बुंदेलखंड के 13 जिलों में लगभग दो दर्जन संगठन सक्रिय हैं। अब इन बिखरी ताकतों को एकजुट करने और सभी को एक मंच पर लाने को बुंदेली सेना जनवरी से अभियान चलाएगी।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पृथक बुंदेलखंड राज्य आंदोलन को यूपी-एमपी बुंदेलखंड के 13 जिलों में दो दर्जन से अधिक संगठन संघर्षरत है। बांदा, महोबा, झांसी, दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, जालौन, हमीरपुर, ललितपुर, दमोह, पन्ना, सागर आदि जिलों में पृथक बुंदेलखंड राज्य की लड़ाई लड़ने वाले दो दर्जन से अधिक संगठन हैं। सभी संगठनों का उद्देश्य है कि बुंदेलखंड को पृथक राज्य का दर्जा दिया जाये। अब जनवरी महीने से इन सभी दो दर्जन संगठनों को एक मंच पर लाने की मुहिम छेंडी जायेगी। जब सभी ताकते एक मंच पर आ जाएंगी तो आंदोलन भी सशक्त होगा। भाजपा सरकार में ही छोटे राज्यों की नीव पड़ी थी। 2024 के पहले इस विचार आंदोलन को फिर तेज करने की जरूरत है। जमीनी आंदोलन हुए उसकी गूंज दिल्ली से लेकर यूपी-एमपी के राज्य मुख्यालयो तक पहुंची। अब केवल उस कुंद हो चुकी आवाज को फिर से धार देने की जरूरत है। संगठनों को एक मंच पर लाने के लिए बुंदेली सेना महोबा के पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह से संयोजक की भूमिका निभाने का आग्रह करेगी। सभी संगठनों के अध्यक्ष सीधे तौर पर एक दूसरे से जुड़े रहेंगे। चित्रकूट में सभी संगठनों की एक सामूहिक बैठक फरवरी महीने मे कराई जायेगी।

## न्यूज झरोखा

### टीएसआई ने वाहनों की जांचकर किया ई-पेंडिंग चालान




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश व सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने कर्वी शहर में मंडी गेट व ट्राफिक चैराहे में दो व चारपहिया वाहनों की जांचकर बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, ओवरलोड सवारी, ओवर स्पीड, हाईसिक्योरिटी नम्बर प्लेट की जांचकर ई-पेंडिंग चालान किया।

मंगलवार को टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने वाहनों की जांच दौरान मालवाहक वाहनों की जांचकर चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। ट्रैक्टर चालकों से कहा कि कृषि कार्य को ही ट्रैक्टर का उपयोग करें। उन्होंने वाहन चालकों को तीन सवारी, ओवर स्पीड एवं बिना हेलमेट के वाहन न चलाने की चेतावनी दी। सर्दी के मौसम के मद्देनजर रात में फाग लाइट का प्रयोग करने एवं वाहनों में रिफलेक्टर लगवाने की सलाह दी।

उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों की बाबत जानकारी देकर पालन करने के प्रति जागरूक किया। यातायात जागरूकता पम्पलेट भी बांटे। वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, हेलमेट, सीटबेल्ट लगाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने को कहा। टीएसआई ने वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया। चेकिंग दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, तीन सवारी, बिना हेलमेट/सीटबेल्ट, ओवर स्पीड वाहनों का ई-पेंडिंग चालान किया।

### संविधान विरोधी भाजपा का चरित्र: अनुज सिंह यादव



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने जारी प्रेस बयान में कहा कि भाजपा का चरित्र हमेशा से संविधान, लोकतंत्र और दलित-पिछडा विरोधी रहा है। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की बाबत घडियाली सहानुभूति दिखाना भाजपा का दोहरा चरित्र है।

मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा ने आज पिछडो के आरक्षण का हक छीना है। कल भाजपा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के दिये दलितों के आरक्षण को भी छीन लेगी। आरएसएस का चिंतन संविधान विरोधी है। उसी विचारधारा से भाजपा जन्मी है।

उन्होंने कहा कि सपा लोहिया, अम्बेडकर और सरदार बल्लभ भाई पटेल की विचारधारा को मानने वाली पार्टी है। सपा में दलित एवं पिछडे समाज को समुचित स्थान दिया जाता है। चेताया कि समय रहते निकाय चुनाव में पिछडों को आरक्षण न मिला तो समाजवादी पार्टी दलित, पिछडा समाज की लडाई सदन से लेकर सडक तक लडने में चूक नहीं करेगी। उन्होंने कार्यकताओं से कहा है कि सभी लोग आन्दोलन को तैयार रहें। कभी भी भाजपा के खिलाफ बडे आन्दोलन के निर्देश सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिल सकते हैं।

# दिव्यांग बच्चों को संस्था द्वारा बांटी गई ट्राईसाईकिल, व दिए गए उपकरण

**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर उन्नाव ।** ब्लाक संसाधन केन्द्र अटवा में मुख्य अतिथि बम्बालाल दिवाकर विधायक सफीपुर व विशिष्ट अतिथि संजय तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव के द्वारा प्रियंका, रोशनी, वैष्णवी, साफिया को ट्राई साइकिल अंशु, रघुनंदन, सुजीत, रमन को सीपी चेयर गरिमा को एमआर किट सहित
कुल 138 बच्चों को दिव्यांग उपकरणों का वितरण किया गया। उपकरण पाने वाले सभी छात्र परिषदीय विद्यालयों के हैं। विकासखंड गंज मुरादाबाद, बांगरमऊ, फतेहपुर 84, मियागंज, औरास, हसनगंज, सफीपुर के दिव्यांग बच्चों को ब्लॉक संसाधन केंद्र अटवा में मुख्य अतिथि बम्बालाल दिवाकर विधायक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के द्वारा वितरण किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी। कम्पोजिट विद्यालय अटवा के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किए गये। मुख्य अतिथि बंबा लाल दिवाकर ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका आप सभी लाभ उठाएं। और एलिम्को कानपुर के द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपकरण उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद के साथ इस कार्य के लिए संस्था की सराहना की गयी।





जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि आप सभी को इन उपकरणों के माध्यम से विद्यालय आने और वापस जाने में आसानी होगी। पढ़ाई के कार्यों में भी यह उपकरण बहुत ही काम आएंगे।इस अवसर पर अनीता शाह खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर, शशि प्रभा श्रीवास्तव जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, सत्य प्रकाश द्विवेदी उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, नरेंद्र मौर्य, संजय सिंह चौहान, एलिम्को कानपुर से आए हुए अमित और विशाल विशेष शिक्षक महेश तिवारी, मीनू तिवारी, अंजनी तिवारी, अनिल कुमार, संध्या, रवि, श्याम, विनोद कुमार, रमेश चंद, अयोध्या प्रसाद, गीता देवी, रवीना वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, अवधेश, गरिमा, सुजीत कुमार मौर्य, क्षेत्रीय समन्वयक, एनजीओ बीआरसी स्टाफ, आशीष गुप्ता, कृष्ण कुमार साहू, राजवीर, राम जी पांडेय, अमरेंद्र यादव, विष्णु दयाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान में लहराया तालिबानी झंडा, हमले की आशंका से हाई अलर्ट पर इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने वजीरिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में तालिबानी झंडा लहराकर सरकार को चुनौती दी है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हमले की आशंका से हाई अलर्ट जारी किया गया है। अमेरिका ने भी अपने नागरिकों को इस्लामाबाद जाने से बचने की सलाह दी है।

अफगानिस्तान में तालिबान के हाथ सत्ता आने के बाद पाकिस्तान में लगातार हालात भयानक हो रहे हैं। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की ओर से बीते सवा साल में 400 से



ज्यादा आतंकी हमले किये गए हैं। पिछले दिनों करीब एक दशक के बाद राजधानी इस्लामाबाद में टीटीपी आतंकियों ने आत्मघाती धमाका करके पाकिस्तानी सरकार को हिलाकर रख दिया। यही नहीं, पिछले कुछ महीने में बलूच विद्रोहियों ने भी अपने खूनी हमलों को तेज कर दिया है। अब तो वजीरिस्तान प्रांत में तालिबानी झंडा लहराते हुए देखा गया। साथ ही पाकिस्तानी सेना को पश्तून क्षेत्र से दूर रहने अन्यथा गोली खाने को तैयार रहने की चेतावनी भी टीटीपी की ओर से दी गयी है। टीटीपी आतंकी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुलेआम अपने झंडे लगा रहे हैं और चेक पोस्ट बनाकर धमकियां दे रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पर पुनः बड़े आतंकी हमले की आशंका जताई गयी है। अमेरिका ने अपने नागरिकों और पाकिस्तान स्थित दूतावास के कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि वे इस्लामाबाद के मैरिएट होटल में न जाएं, क्योंकि वहां आतंकियों की ओर से हमला हो सकता है। अमेरिका ने यह भी कहा है कि उसके नागरिक इस्लामाबाद में गैर जरूरी यात्रा से बचें।

# शहबाज सरकार आतंकवाद पर लगाम में विफल : इमरान खान


**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार आतंकवाद पर लगाम लगाने में विफल रही है। लाहौर में अपने आवास पर अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की बैठक के दौरान खान ने दावा किया कि उनकी सरकार ने 'आतंकवाद को नियंत्रित किया था। इसके बाद पाकिस्तान को दुनिया के शीर्ष पर्यटन स्थलों में



से एक बनाने की दिशा में काम कर रही थी। इमरान ने पाकिस्तान-अफगान सीमा पर भी स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने दावा किया कि अप्रैल में शरीफ सरकार बनने के बाद से आतंकवादी घटनाओं में 52 फीसदी की वृद्धि हुई है। इनमें लगभग 270 लोगों की जान गई और 550 से अधिक लोग घायल हुए। इस बीच, पीटीआई पार्टी के नेता फवाद चौधरी ने भी मीडिया से चर्चा में कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद लौट रहा है। उन्होंने कहा कि पीटीआई सरकार के कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को शीर्ष पर्यटन स्थलों के रूप में उभारने की कोशिश की गई थी, लेकिन अब देश को आतंक की आग में झोंका जा रहा है। विदेशी दूतावास अपने कर्मचारियों को होटलों में नहीं जाने की सलाह दे रहे हैं।

# शहबाज शरीफ ने माना- मौजूद आर्थिक चुनौतियों से मुश्किल में है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दो टूक स्वीकार किया है कि उनका देश डिफॉल्ट करने (कर्ज चुकाने में अक्षम) की हद तक पहुंच गया था। हालांकि उनका दावा है कि अब स्थिति बेहतर है और पाकिस्तान के डिफॉल्टर होने की नौबत अब नहीं आएगी। शरीफ ने एक समारोह में कहा कि जब वे सत्ता में आए, तब पाकिस्तान डिफॉल्ट करने के करीब था। उन्होंने कहा- 'गठबंधन (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक एलायंस) सरकार और अन्य संबंधित संस्थानों की सघन कोशिशों और देश की दुआ से हम डिफॉल्ट करने से बच गए हैं। लेकिन देश अभी भी आर्थिक चुनौतियो का सामना कर रहा है।' शरीफ ने बताया कि इस वर्ष आई असाधारण बाढ़ के कारण पाकिस्तान को 30 बिलियन डॉलर का भारी नुकसान हुआ। इसके अलावा यूक्रेन युद्ध के बाद बढ़ी महंगाई और दुनिया भर में आ रही मंदी ने हालात और गंभीर बना रखे हैं। उन्होंने देश में पेट्रोलियम और बिजली की महंगाई के लिए अंतरराष्ट्रीय हालात को जिम्मेदार ठहराया।विश्लेषकों के मुताबिक शहबाज शरीफ का ताजा बयान पाकिस्तान की बढ़ रही मुसीबतों का दोष पूर्व इमरान खान सरकार और अंतरराष्ट्रीय हालात पर



डालने की कोशिश का हिस्सा है। जबकि देश में हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इसका ताजा संकेत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का पाकिस्तान सरकार के प्रति सख्त हो रहा रुख है। आईएमएफ ने साफ संकेत दिया है कि नया कर्ज पाने के लिए तय शर्तों को पूरा करने में शरीफ सरकार की नाकामी से वह नाराज है। उसने यह संकेत भी दिया है कि अगर शर्तें पूरी करने में और देर हुई, तो कर्ज देने के फैसले पर वह पुनर्विचार कर सकता है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक पाकिस्तान सरकार कई दुविधाओं में फंसी हुई है, जिसकी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है।

इस बीच रूस ने फिर कहा है कि वह पाकिस्तान को प्राकृतिक गैस देने को तैयार है। रूस के उप प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि दीर्घकालिक करार के तौर पर रूस अफगानिस्तान और पाकिस्तान को प्राकृतिक गैस देने की स्थिति में है। इसके लिए वह मध्य एशिया स्थित अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान रूस से कच्चा तेल और गैस लेगा या नहीं, इस सवाल पर जारी ऊहापोह के बीच नोवाक का यह बयान महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस महीने के आरंभ में पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री मुसादिक मलिक ने कहा था कि रूस रियायती दर पर पाकिस्तान को कच्चा तेल देगा। मलिक ने यह बात रूस यात्रा से लौटने के तुरंत बाद कही थी। लेकिन उनके इस बयान का पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने खंडन कर दिया।

भुट्टो जरदारी ने वह बयान अमेरिकी अमेरिका यात्रा के दौरान दिया। जबकि उनके ऐसा कहने के एक ही दिन बाद मलिक ने दोहराया कि रूस से रियायती दर पर तेल लेने के बारे में बातचीत आगे बढ़ चुकी है।इस विवाद को पाकिस्तान आर्थिक जरूरतों और विदेश नीति के बीच चल रहे टकराव की मिसाल माना गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार अमेरिका से रिश्ते सुधारने में जुटी हुई है। इस बीच देश के अंदर महंगाई और ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में सरकार अपनी जरूरतों को तरजीह दे या वह अमेरिका की प्रतिक्रिया का ख्याल करे, इस बारे में वह असमंजस में है। समझा जाता है कि शहबाज शरीफ की सरकार को सत्ता में लाने में देश में मौजूद अमेरिका समर्थक लॉबी का खास हाथ रहा है। इससे शरीफ सरकार की मुश्किलें और भी बढ़ी हुई हैं।

## ओआईसी ने कहा- अफगानिस्तान में एनजीओ के लिए काम करने वाली महिलाओं पर तालिबान का प्रतिबंध 'आत्मघाती'

**जेद्दाह।** इस्लामिक सहयोग संगठन ने तालिबान प्रशासन द्वारा स्थानीय और विदेशी गैर-सरकारी संगठनों में महिलाओं के काम करने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को 'आत्मघाती' बताया है।ओआईसी के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने अफगानिस्तान में सभी स्थानीय और विदेशी गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) में महिलाओं के काम करने पर प्रतिबंध लगाने के तालिबान के आदेश पर गंभीर चिंता व्यक्त की। ओआईसी द्वारा पोस्ट किए गए ट्वीट के अनुसार, ताहा ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एनजीओ के लिए महिलाओं के काम पर प्रतिबंध को 'आत्मघाती' और 'अफगान लोगों के हितों का नुकसान' बताया। ओआईसी ने एक ट्वीट में कहा कि ओआईसी के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने कथित प्रतिबंध पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। क्योंकि कुछ दिनों पहले अफगान महिलाओं और लड़कियों के विश्वविद्यालयों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के बाद यह फैसला एक और मुश्किल लेकर आया है। लगातार कई ट्वीट्स कर ओआईसी के महासचिव हिसेन ब्राहिम ताहा ने जोर देकर कहा कि यह निर्णय तालिबान द्वारा अफगान महिलाओं के अधिकारों को और प्रभावित करने के लिए जानबूझकर बनाई गई नीति को दर्शाता है। ताहा ने तालिबान से आग्रह किया कि वह महिलाओं के सामाजिक समावेशन और अफगानिस्तान में मानवीय कार्यों की अबाधित निरंतरता के लिए अपने फैसले की समीक्षा करे। एक अन्य ट्वीट में ओआईसी ने कहा कि महामहिम ताहा ने संकेत दिया कि यह कदम वास्तव में अफगान महिलाओं के अधिकारों को और अधिक प्रभावित करने के लिए तालिबान नेतृत्व द्वारा एक जानबूझकर बनाई गई नीति को दर्शाता है।

## यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा ने रूस के साथ शांति वार्ता की इच्छा जतायी

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने कहा कि उनका देश युद्ध खत्म करने के लिए ''शांति'' शिखर वार्ता करना चाहता है लेकिन उन्हें रूस के इसमें भाग लेने की उम्मीद नहीं है। ए कुलेबा ने कहा कि उनकी सरकार दो महीने के भीतर ''शांति'' शिखर वार्ता चाहती है जिसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस मध्यस्थ होंगे। उनके इस बयान पर संयुक्त राष्ट्र ने बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। संयुक्त राष्ट्र के सहायक प्रवक्ता फ्लोरेंसिया सोतो निनो-मार्टिनेज ने कहा, ''जैसा कि महासचिव ने पहले भी कई बार कहा है, वह तभी मध्यस्थता कर सकते हैं जब सभी पक्ष ऐसा चाहेंगे।''कुलेबा ने कहा कि



उनका देश रूस से सीधी बातचीत करने से पहले चाहता है कि मॉस्को युद्ध अपराध न्यायाधिकरण का सामना करे। बहरहाल, उन्होंने कहा कि अन्य देश रूस से बातचीत कर सकते हैं जैसे कि तुर्किये और रूस के बीच अनाज समझौते से पहले हुआ था। इस साक्षात्कार से यूक्रेन की इस दूरदृष्टि का पता चल सकता है कि रूस के साथ युद्ध कैसे खत्म हो सकता है। हालांकि, कोई भी शांति वार्ता होने में महीनों लगेंगे। कुलेबा ने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की पिछले सप्ताह अमेरिका की यात्रा के नतीजों से ''पूरी

# बर्फीले तूफान का अमेरिका के बाद कनाडा, मैक्सिको, जापान व ऑस्ट्रिया तक कहर

**- अमेरिका में मृतक संख्या 60 पहुंची, कनाडा में चार की मौत**

**- जापान में 17 की जान गई, मैक्सिको के कई शहर अंधेरे में**

**- ऑस्ट्रिया में बर्फ की चादर में दबे लोग, विमान सेवाएं हुई ठप**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आए जानलेवा बर्फीला तूफान अब दुनिया के अन्य देशों तक कहर बरपा रहा है। अमेरिका के बाद कनाडा, मैक्सिको, जापान और ऑस्ट्रिया तक बर्फीला तूफान जानलेवा और मुसीबत भरा साबित हो रहा है। अमेरिका में अब तक 60 लोगों की जान जा चुकी है और जापान में हिमपात की चपेट में आकर 17 लोग मारे गए हैं। मैक्सिको के कई शहरों की बिजली गुल है और ऑस्ट्रिया में बर्फ की मोटी चादर में कई लोग दब गए हैं। अमेरिका में बर्फीले तूफान से देश के करीब 20 करोड़ लोग बुरी तरह प्रभावित हैं। न्यूयॉर्क और मोटाना जैसे शहर का तापमान शून्य से 45 डिग्री नीचे तक पहुंच गया है। अमेरिकी अधिकारी इसे सदी का भयावह तूफान बता रहे हैं। अमेरिका के लाखों घरों की बिजली गुल है, आवाजाही ठप है और चारों ओर बर्फ जमा है। आइओवा, विस्कोन्सिन, मिनेसोटा और मिशिगन में भी हालात खराब हैं। बफैलो सिटी में दृश्यता शून्य तक पहुंच चुकी है और एरी झील जम गयी है। न्यूयॉर्क के गवर्नर कैथी होचुल ने राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात कर उनसे मदद की गुहार लगाई है। पश्चिमी न्यूयॉर्क के इलाके 30 से 40 इंच मोटी बर्फ से ढके रहे। तूफान की वजह से सिएटल तक बिजली गुल रही। अटलांटा, शिकागो, डेनेवर, डेट्रॉयट और न्यूयॉर्क तक हवाई अड्डों का बुरा हाल है और हवाई यातायात ठप पड़ा हुआ है। खराब मौसम के कारण 15 हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द की गयी हैं। अमेरिका के अलावा



आसपास के देश भी बर्फीले तूफान का दंश झेलने को विवश हैं। कनाडा में भी लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। यहां चार लोगों की जान जा चुकी है। मैक्सिको में तूफान कहर बरपा रहा है। यहां मरीजों तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पा रही है। मैक्सिको के कई शहरों में बिजली गुल है। जापान में भारी हिमपात के कारण राजमार्गों पर सैकड़ों वाहन फंसे हैं। हिमपात के कारण 17 लोगों की मौत हो चुकी है और 90 से ज्यादा घायल हैं। जापान में घायलों में से कई छतों से बर्फ हटाते वक्त गिर गए या छतों से फिसलने वाली बर्फ की मोटी चादर के ढेर के नीचे दब गए। इस कारण भी वहां मृतक संख्या बढ़ रही है।

जापान में बर्फ प्रभावित क्षेत्रों में निवासियों से बर्फ हटाने के दौरान सावधानी बरतने और अकेले काम न करने की सलाह दी गयी है। उधर ऑस्ट्रिया में हिमस्खलन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जुएर्स कस्बे के पास लोगों के बर्फ में दबे होने की आशंका है। पश्चिमी ऑस्ट्रिया में आए हिमस्खलन से खतरे को स्थानीय पर्वतीय बचाव सेवा ने 'उच्च' श्रेणी में रखा है। हिमस्खलन 2,700 मीटर ऊंचे पर्वत पर जुएर्स और लेच एम अर्लबर्ग के बीच हुआ, जहां दबे लोगों को बचाने में 200 बचावकर्मी लगाए गए हैं। ऑस्ट्रिया में इस कारण विमान सेवाएं भी ठप हो गयी हैं।

# चीन में कोरोना से हालात बेकाबू, शी चिनफिंग ने कहा- लोगों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता

**बीजिंग।** चीन में कोरोना से बिगड़ते हालात के बीच पहली बार चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने स्वास्थ्य अधिकारियों से संक्रमण में अचानक वृद्धि से निपटने के लिए लक्षित कदम उठाने का आग्रह किया और कहा कि चीन को कोविड की नई स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि देश के हितों को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य कर्मी लक्षित अभियान चलाएं। रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति ने लोगों से स्वास्थ्य ज्ञान और कौशल हासिल करने के लिए मार्गदर्शन देने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और पूरे समाज के लिए महामारी के खिलाफ बचाव व सुरक्षा के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है। दरअसल, चीन में नए वैरिएंट बीएफ-7 की तबाही जारी है। यह पहली बार है



जब चीनी राष्ट्रपति ने देश में कोविड की गंभीर स्थिति पर टिप्पणी की है। उनकी सरकार ने इस महीने की शुरुआत में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद कड़े शून्य-कोविड नीति में बदलाव किया था। जिसके बाद देश में कोरोना के नए वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़े हैं। आपको बता दें कि चीन में कोरोना से हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। कई शहरों में श्मशान घाटों में भीड़ लगी पड़ी है, जबकि अस्पतालों में आईसीयू वार्ड में मरीजों के लिए जगह कम पड़ गई है। इस बीच चीनी सरकार ने बताया है कि पूरे देश में कोविड-19 के चलते कुल सात लोगों की मौत हुई है। चीनी सरकार देश में सबकुछ सामान्य होने का दावा कर रही है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग से लीक हुए एक दस्तावेज में कहा गया है कि 1 से 20 दिसंबर तक देश में लगभग 24.80 करोड़ आबादी कोरोना संक्रमण का शिकार हुई है। यह आंकड़ा देश की कुल आबादी का लगभग 17.56 प्रतिशत है। इस बीच कोरोना से लड़ने के लिए चीन ने वैक्सीन लगाने की रफ्तार बढ़ा दी है। चीन में कोरोना के खिलाफ अब 13 तरह की वैक्सीन स्वीकृत है। चीन में अब 90 प्रतिशत से अधिक आबादी पूरी तरह से वैक्सीन प्राप्त कर चुकी है।

## जेलेंस्की ने मोदी से की फोन पर बात, 'शांति फॉर्मूला' पर भारत के समर्थन की जताई उम्मीद

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जी-20 में भारत की सफल अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके शुभकामनाएं दी। जेलेंस्की ने एक ट्वीट में बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। उन्होंने कहा कि वह अपने शांति फार्मूले को आगे बढ़ाने के लिए भारत की भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं। जेलेंस्की ने अपने ट्वीट में कहा कि मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और जी-20 की सफल अध्यक्षता की कामना की। इसी मंच पर मैंने शांति फार्मूले की घोषणा की और अब मैं इसे आगे बढ़ाने में भारत की भागीदारी की उम्मीद करता हूं। मैं मानवीय सहायता और संयुक्त राष्ट्र में समर्थन के लिए भी धन्यवाद देता हूं। फरवरी में यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ-साथ जेलेंस्की से भी कई बार बात की। इससे पहले 4 अक्टूबर को जेलेंस्की के साथ मोदी की फोन पर बातचीत हुई थी। इस दौरान मोदी ने कहा था कि कोई सैन्य हल नहीं हो सकता है और भारत किसी भी शांति प्रयास में योगदान देने के लिए तैयार है। रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत का नजरियाः भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है। हमारा देश इस बात पर कायम है कि इस मुद्दे का समाधान कूटनीति और बातचीत के माध्यम सेकिया जाना चाहिए। इस बीच, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस बातचीत को तैयार है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब रूस की ओर से यूक्रेन पर नए हमले किए जा रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अमित गर्ग एचपीसीएल के नए निदेशक विपणन नियुक्त

**नई दिल्ली।** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीएसीए) ने अमित गर्ग को नया निदेशक (विपणन) नियुक्त किया है। गर्ग की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इससे पहले गर्ग भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में कार्यकारी निदेशक (विमानन) थे। एचपीसीएल ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि अमित गर्ग हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (विपणन) नियुक्त किए गए हैं।

# प्रचंड ने संभाला प्रधानमंत्री पद का कार्यभार, तीन डिप्टी-पीएम को भी राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

**काठमांडू।** पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में और नई गठबंधन सरकार के अन्य कैबिनेट सदस्यों को राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने शपथ दिलाई। नए मंत्रिमंडल में तीन उप-प्रधानमंत्री हैं। नई कैबिनेट में केपी शर्मा ओली के दल सीपीएन-यूएमएल से विष्णु पौडेल, सीपीएन-माओवादी सेंटर से नारायण काजी श्रेष्ठ और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से रवि लामिछाने का नाम शामिल है। पौडेल को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि श्रेष्ठ को बुनियादी ढांचा एवं परिवहन मंत्रालय और लामिछाने को गृह मंत्रालय सौंपा गया है। ओली की पार्टी से ज्वाला कुमारी, दामोदर भंडारी और राजेंद्र कुमार राय को



मंत्री बनाया गया है। वहीं, जनमत पार्टी के अब्दुल खान को भी मंत्री बनाया गया। भारी बहुमत से प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बावजूद प्रचंड को अब 30 दिन के भीतर निचले सदन से विश्वास मत प्राप्त करना होगा। इस बीच पूर्व टीवी एंकर रबी लामिछाने नेपाल की नई सरकार में शामिल हो गए। उन्हें उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बनाया गया है। लामिछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 20 सीटें जीतीं और सत्तारूढ़ गठबंधन में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उन्हें चुनाव से पहले ही नई पार्टी बनाई थी। नया बनेश्वर में संसद भवन में सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की जांच के लिए सशक्त तंत्र बनाने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच एक आम सहमति के बाद उन्होंने नई सरकार में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने मीडिया को विदेशों में रहने वाले नेपाली नागरिकों को वोट देने का अधिकार देने पर सत्तारूढ़ दलों के बीच एक आम सहमति के बारे में भी बताया।

## रोहिंग्या शरणार्थियों का एक और समूह इंडोनेशिया पहुंचा

**पिडी।** रोहिंग्या मुसलमानों का एक और समूह कई हफ्तों का समुद्र का सफर तय करने के बाद इंडोनेशिया के सबसे उत्तरी प्रांत आचेह में एक समुद्र तट पर उतरा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस के प्रमुख फौजी ने बताया कि करीब 185 पुरुष, महिलाएं और बच्चे आचेह के पिडी जिले के एक तटीय गांव मुआरा तिगा में यूजिंग पाई बीच पर शाम को लकड़ी की एक जर्जर नाव से उतरे। फौजी ने कहा, ''कई हफ्तों के समुद्र के सफर के कारण वे बेहद कमजोर और थके हुए नजर आ रहे हैं।'' उन्हें गांव के सभागार में ले जाया गया है। स्थानीय निवासियों, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य लोगों से मदद मिलने तक वे वहां रहेंगे। फौजी ने बताया कि आव्रजन अधिकारी व पुलिस शरणार्थियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या ये लोग उन 190 रोहिंग्या के समूह का हिस्सा थे, जिनके बारे में संयुक्त राष्ट्र ने बताया था कि वे कई हफ्तों से अंडमान सागर में एक छोटी नाव पर फंसे हैं। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थियों से जुड़े मामलों की एजेंसी यूएनएचसीआर ने देशों से शरणार्थियों को बचाने का आग्रह करते हुए कहा था कि खबरों से संकेत मिले हैं कि वे करीब एक महीने से समुद्र में फंसे हैं और उनकी हालत खराब है। उनके पास भोजन व पेयजल की भी भारी कमी है।